दैनिक

www.currentcrime.com

# करंट क्राइम

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 10 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 140 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## पाकिस्तान ने मिसाइल दागी और किया ड्रोन अटैक, भारत ने हमले नाकाम किए

**पुंछ।** पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन भारत पर ड्रोन्स और मिसाइल से हमले किए। शुक्रवार को शाम होते ही पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के 6 सेक्टर उरी, तंगधार, केरन, मेंढर, नौगाम, आरएसपुरा, अरनिया और पुंछ में फायरिंग शुरू कर दी।

रात 8:30 बजे पंजाब के फिरोजपुर में मिसाइल अटैक किया। इसे नाकाम कर दिया गया। उधर, राजस्थान के पोकरण, जम्मू के सांबा में भी ड्रोन हमला किया गया।

उधर, चंडीगढ़ और अंबाला में हवाई हमले की चेतावनी



दी गई है। चंडीगढ़ में सेना की वेस्टर्न कमांड है, एनआईए का भी दफ्तर है। अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन है।

इस बीच, तेल कंपनियां आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने अलग-अलग बयानों में कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। घबराकर खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। इस बीच कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में अनाज का पर्याप्त भंडार है। पंजाब के फिरोजपुर और राजस्थान के जैसलमेर में कम्प्लीट ब्लैकआउट कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सेना प्रमुख चाहें तो वे टेरिटोरियल आर्मी के अफसरों-जवानों को बुला सकते हैं। टीए अर्धसैनिक बल है, जो जरूरत पड़ने पर सेना की सहायता करते हैं। गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करने का आदेश दिया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और सीडीसी अनिल चौहान ने ताजा हालात की जानकारी दी।

## भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह आज आएंगे गाजियाबाद

### वन नेशन – वन इलेक्शन कार्यक्रम में होंगे शामिल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन और सैनिकों के सम्मान में देशभक्ति पर समर्पित कार्यक्रम शनिवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल और सुंदर बनाने के लिए भारत माता सांस्कृतिक संस्थान और सिविल डिफेंस के साथ ही कई अन्य संस्था भी सहयोग करेगी। ठाकुर द्वारा तिराहे से लेकर सेठ मुकंद लाल कट तक डिवाइडर पर तिरंगा बनाया गया है। इसके साथ ही रंग बिरंगी लाइटों से सजावट की गई है। जगह-जगह तिरंगे और भगवा झंडे लहराए जा रहे हैं। साथ ही 25 स्टेज बनाकर इस कार्यक्रम को देशभक्ति के रंग में रंगा जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि और पार्षदों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों और आमजन की भी भागीदारी देखने को मिलेगी। शाम करीब पांच बजे से शुरू होने वाला यह कार्यक्रम सात बजे तक चलेगा। इसमें यात्रा, रॉक बैंड, देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति एकता और अखंडता के साथ ही भारतीय सेना की वीर बेटियों को भी सलामी दी जाएगी।

## सुप्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू ने की रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रशंसा

# कहा, अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लिया प्रभुश्री हनुमान जी का नाम, यही तो हैं उनके भारतीय धार्मिक संस्कार





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सुप्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू ने केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जमकर प्रशंसा की और उन्होंने उस प्रसंग का जिक्र किया, जिस प्रसंग का हवाला केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मंच दिया। उन्होंने रामायण का एक प्रसंग बताते हुए प्रभुश्री हनुमान जी की बात को दोहराया। यही भारतीय संस्कार हैं। मोरारी बापू ने कहा कि रामायण में प्रसंग आता है कि जब दशानन ने प्रभुश्री हनुमान से पूछा कि मेरे राक्षसों को क्यों मारा है। तब उन्होंने जवाब दिया था कि जिन्होंने मुझे मारा, मैंने उन्हें मारा। मोरारी बापू ने यहां केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे देश के ऐसे रक्षामंत्री हैं जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर ही अपनी आस्था, श्रृद्धा और संस्कार का परिचय दिया। उन्होंने पवित्र ग्रंथ रामायाण का परिचय दिया और सुंदरकांड की चौपाई को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमने प्रभु हनुमान जी के आदर्श का पालन किया। हमने केवल उन्हीं को मारा, जिन्होंने हमें मारा। यही भारतीय संस्कार हैं। यही देश और संस्कृति के प्रति उनका प्यार है। कथावाचक मोरारी बापू ने केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि पड़ोसी देश से युद्ध के समय भी राजनाथ सिंह ने अपने पवित्र ग्रंथों, पवित्र चौपाई और प्रेरक प्रसंग का हवाला देते हुए सम्पूर्ण विश्व में सनातन संस्कृति का संदेश दिया।

# गाजियाबाद जिले में लगाई गई धारा-163

### 9 थानाक्षेत्रों को किया नो ड्रोन और रेड जोन घोषित



## - 25 मई की मध्य रात्रि तक जारी रहेगा निषेधाज्ञा आदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारत और पाकिस्तान की सेना के मध्य सीमा पर चल रहे तनाव के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के नौ थानाक्षेत्रों को नो ड्रोन जोन घोषित करने के साथ ही यहां रेड जोन घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शुक्रवार से 25 मई की मध्य रात्रि तक के लिए निषेधाज्ञा लगा दी गई है। पुलिस ने आदेश जारी कर दिया है। गाजियाबाद में मौजूद हालातों को देखते हुए धारा-163 बीएनएसएस जारी कर दी गई।

शुक्रवार शाम भारत-पाकिस्तान के तनाव को देखते हुए जो एडवाइजरी जारी की गई है, उसके बाद थाना क्षेत्र कोतवाली, कवि नगर, लिंक रोड, साहिबाबाद, टीला मोड, ट्रोनिका सिटी, लोनी, मोदीनगर और मुरादनगर को नो ड्रोन घोषित कर दिया गया है।

## प्रतिबंधित क्षेत्र में वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी पर रोक



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडवाइजरी जारी करते हुए किसी भी आयोजन एवं मीडिया व अन्य व्यक्ति द्वारा थानाक्षेत्र कोतवाली, कवि नगर, लिंक रोड, साहिबाबाद, टीलामोड़, ट्रोनिका सिटी, लोनी, मोदीनगर और मुरादनगर में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट बैलून, फोटो एवं वीडियोग्राफी प्रतिबंधित क्षेत्र में न किए जाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इस दौरान किसी भी सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट ना हो, इसकी भी निगरानी रखी जाएगी। वहीं किसी भी प्रकार की स्थिति बिगड़ने पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट के अधिकार का प्रयोग किया जाएगा। पुलिस कमिश्नरेट अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वारा शुक्रवार की शाम से लेकर 25 मई की मध्य रात्रि तक के लिए यह आदेश प्रभावी रहेगा।

# अब पुलिस लाइन में एंट्री लेने के लिए पुलिसकर्मियों को लगाना होगा हेलमेट और सीट बेल्ट

## पुलिस लाइन के गेट पर लगाया गया नया निर्देश

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नए कमिश्नर के आने के बाद पुलिस के लिए नए फरमान जारी हो रहे हैं। तो अब शुक्रवार को नया आदेश पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन के मुख्य गेट पर लगाया गया है। जिसमें एडीसीपी ट्रैफिक का सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश है कि जो भी पुलिसकर्मी दो पहिया वाहन में पुलिस लाइन में प्रवेश करेगा, उसे हेलमेट लगाना अनिवार्य होगा। वहीं चौपाहिया वाहनों में सवार रहने वाले पुलिसकर्मियों को सीट बेल्ट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करना होगा।




यह आदेश पुलिस के अधिकारियों को चलाने वाले पुलिसकर्मियों पर भी लागू किए जाएंगे। तो वहीं नियम की लगातार अनदेखी करने वाले पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई भी की जाएगी। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि यह गाजियाबाद में यातायात की व्यवस्था और नियम कायदे कानून पालन करने के लिए आदेश जारी किया गया है।

## आने वाले समय में प्रमुख चौराहों पर चलेगा पुलिसकर्मियों के खिलाफ अभियान

करंट क्राइम : कल तक जो पुलिसकर्मी आम जनता का नियम तोड़ने पर चालान करते थे, उनको अनुशासन का पाठ पढ़ाते थे और फटकार लगाते थे अब अगर वह भी नियम तोड़ेंगे तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। दरअसल अब यातायात पुलिस आने वाले दिनों में शहर के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाली इलाकों में पुलिसकर्मी और ट्रैफिक पुलिस के पुलिसकर्मियों द्वारा सीट बेल्ट, हेलमेट और यातायात नियमों का पालन न करने पर उनके खिलाफ भी चालान वाली कार्रवाई भी होगी।

### सबको मानना होगा आदेश वरना होगी कार्रवाई

करंट क्राइम : यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि पुलिस लाइन में आने वाले सभी स्तर के पुलिसकर्मियों को इस आदेश का पालन करना होगा वरना उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बदलते हालातों के बीच कमिश्नरेट पुलिस ने बढ़ाई चौकसी

## थानों में जांचे गए सायरन, वायरलेस सेट हुए अपडेट और कलेक्ट्रेट में बना कंट्रोल रूम, सिटी से लेकर देहात तक चला चेकिंग अभियान

### शुक्रवार को शहर के तीनों जोन में पुलिस ने पैदल गश्त कर लिया इलाकों का जायजा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश में लगातार माहौल बदल रहा है। तो वहीं बीते कुछ दिनों से जिस तरीके से पड़ोसी देश पाकिस्तान और भारत के बीच तनातनी वाला माहौल चल रहा है, तो बॉर्डर के हालात ठीक नहीं है। उसे देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शुक्रवार में नई एक्सरसाइज शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन के प्रमुख स्थानों के सायरन सिस्टम और वायरलेस सिस्टम को अपडेट करने का काम किया गया है। तो वहीं जिला प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय पर 24 घंटे अपडेट रहने वाला कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। जहां किसी भी आपात स्थिति की सूचना आने पर उससे संबंधित इलाकों और थानों के पुलिस फोर्स के साथ समन्वय स्थापित कर लागू कराया जाएगा।

साथ ही सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के निर्देश उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी के द्वारा जारी कर दिए गए हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आने वाले तीनों जोन सिटी, ट्रांस हिंडन जोन और ग्रामीण जोन में डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने एसीपी को फील्ड पर उतार के थाना प्रभारियों और पुलिस बल के साथ पैदल गश्त अभियान चलाया है। तो वहीं जीआरपी और रेलवे पुलिस फोर्स ने भी अपने-अपने इलाकों में जवानों के साथ चेकिंग अभियान चलाया है।

### कलेक्ट्रेट में राउंड द क्लॉक काम करेगा अलर्ट कंट्रोल रूम



करंट क्राइम : भारत और पाकिस्तान के तनाव को देखते हुए गाजियाबाद के जिला मुख्यालय में राउंड द क्लॉक संदेशों व सूचनाओं पर काम करने वाला अलर्ट कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां 8-8 घंटे की शिफ्ट में अधिकारियों और पुलिस की ड्यूटी लगाई जाएगी। साथ ही कंट्रोल रूम में आने वाली सूचनाओं पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने जानकारी दी है कि कंट्रोल रूम की स्थापना शुक्रवार से कर दी गई है। यह हालात सामान्य होने तक जारी रहेगा। इसमें लगातार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। शुरूआत में चार अधिकारियों और कर्मचारियों को लगाया गया है। आवश्यकता पड़ने पर यहां संख्या बढ़ाई जा सकती है। साथ ही जिला मुख्यालय कंट्रोल रूम में अलग-अलग एजेंसियों से भी समय-समय पर संपर्क साधा जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।

### कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाया गया पुलिस का सघन गश्त और जांच अभियान



करंट क्राइम : शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में शाम 6 बजे से थी पुलिस के अधिकारियों के निर्देश पर पैदल गश्त और सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान देहात जोन के डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी के निर्देश पर एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल और एसीपी मसूरी लिपि लगायच के नेतृत्व में उनके थाना प्रभारी ने पैदल गश्त की। वहीं एसीपी मसूरी ने इंस्पेक्टर अजय कुमार के साथ संदिग्ध नजर वाले लोगों के वाहनों और उनकी जांच की। इसके साथ ही सिटी जोन में डीसीपी सिटी जोन आईपीएस धवल जायसवाल ने एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी और थाना प्रभारी कोतवाली अनुराग ने फोर्स लेकर पैदल गश्त की और इस दौरान संवेदनशील इलाकों में भी पुलिस के अधिकारियों ने दौरा किया है। तो वहीं साहिबाबाद में हिंडन एयर फोर्स और आरआरटीएस साहिबाबाद स्टेशन के आसपास पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।

### मेट्रो और आरआरटीएस स्टेशनों पर लोकल पुलिस भी रखेगी नजर



करंट क्राइम : एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने जानकारी दी है कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को देखते हुए गाजियाबाद के अंतर्गत तीनों जोन में आने वाले मेट्रो, रेलवे और रैपिड ट्रेन के स्टेशनों पर आसपास के कई किलोमीटर में लोकल पुलिस के तीन पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाकर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मेट्रो स्टेशन पर तैनात रहने वाले पुलिस कर्मियों को भी अधिक चोकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं तीनों जोन के डीसीपी को प्रतिदिन अलग-अलग समय पर पैदल गश्त करने के साथ ही संवेदनशील इलाकों पर खुद पहुंचकर एसीपी स्तर के अधिकारियों के जरिये निगरानी और समन्वय बनाने का आदेश दिया गया है।

### घंटाघर कोतवाली से लेकर साहिबाबाद और सिहानी गेट से लेकर कवि नगर तक के सायरन किए गए अपडेट



करंट क्राइम : किसी भी आपात स्थिति और हवाई हमले की आशंका के बीच लोगों को अलर्ट करने के लिए कमिश्नरेट के सभी प्रमुख बड़े थानों में सायरन सिस्टम लगा हुआ है। सायरन सिस्टम को शुक्रवार से अधिकारियों के निर्देश पर चेक करने का काम किया गया। तो वहीं जहां यह खराब थे, उनको तत्काल ठीक करवा दिया गया है। साथ ही थानों में लगे सीसीटीवी की भी बड़ी स्क्रीन पर मॉनिटरिंग हो रही है। साहिबाबाद, घंटाघर कोतवाली, डासना गेट बाजार चौकी और कवि नगर के साथ ही टीलामोड और सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र में भी सायरन सिस्टम को अपडेट किया गया है। बता दें कि इसके साथ ही हिंडन एयरपोर्ट और हिंडन एयर बेस के निकट गश्त करने वाली पुलिस रिस्पांस को बेहतर रखने का निर्देश अधिकारियों द्वारा दिया गया है। उधर डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल का कहना है कि दिल्ली और देहात जोन से सटे इलाकों में कई स्थानों पर बैरिकेडिंग भी लगा दिए गए हैं ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर तत्काल मार्ग ब्लॉक किया जा सके।

### सोशल मीडिया पर भी रखी जा रही है नजर



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों का कहना है कि प्रत्येक जोन में निगरानी रखने के साथ ही गाजियाबाद की सोशल मीडिया सेल आने वाले आपत्तिजनक संदेश किसी भी प्रकार के भ्रामक वीडियो और ऐसे मैटर जो किसी प्रकार की स्थिति को आउट ऑफ कंट्रोल कर सकते हैं । उनको जांच ने और होल्ड करने का काम किया जा रहा है ताकि सोशल मीडिया के माध्यम से किसी प्रकार की कहीं पर गड़बड़ी न होने पाए।

### रेलवे स्टेशन पर चलाया गया तलाशी अभियान



करंट क्राइम : गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में जीआरपी और आरपीएफ के साथ पुलिस बल ने गश्त अभियान चलाया। इस दौरान गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 और 5 के साथ ही विजयनगर और सिटी साइड पर आने वाले लोगों के सामान की भी जांच की गई है। साथ ही रेलवे स्टेशन व उसके आसपास नजर आने वाले संदिग्ध लोगों की जांच की गई। उधर रेलवे स्टेशन के सभी कैमरों की भी गहनता से जांच की गई है। साथ ही अतिरिक्त निगरानी का आदेश जारी किया गया है।




# पाकिस्तान के ओकारा आर्मी कैंट पर भारत का ड्रोन अटैक

## शुक्रवार सुबह किया हमला

**पाकिस्तान में इस समय दहशत का माहौल है। इससे पहले गुरुवार को पाकिस्तान ने भारत में ड्रोन और मिसाइलों से हमले की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।**




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ओकारा आर्मी कैंट पर भारत ने ड्रोन अटैक किया है। यह अटैक शुक्रवार सुबह ही किया गया, जिसकी पुष्टि की गई है।

पाकिस्तान में इस समय दहशत का माहौल है। इससे पहले कल पाकिस्तान ने भारत में ड्रोन और मिसाइलों से हमले की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।

इससे पहले बीती रात बीएसएफ ने सांबा में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ कर रहे सात घुसपैठियों को ढेर कर दिया गया। ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के बताए जा रहे हैं।

बीती रात भारत ने पाकिस्तान के हवाई हमलों की कोशिशों को पस्त करने के बाद जम्मू कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के सात आतंकियों को मार गिराया।

पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की यह कोशिश उस समय की गई, जब भारत ने जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और अन्य जगह पर सेना के प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान की सेना के हमले की कोशिशों को नाकाम कर दिया।

भारतीय सेना ने बताया कि 8 और 9 मई 2025 की रात पाकिस्तान की सेना ने पश्चिमी सीमा पर एक साथ कई हमलों की कोशिश की गई थी। पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और अन्य हथियारों के जरिए भारतीय सीमाओं को निशाना बनाया गया था। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार सीजफायर का उल्लंघन किया गया था।

सेना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत सभी ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया और सीजफायर उल्लंघनों का मुंहतोड़ जवाब दिया गया। सेना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारतीय सीमाओं की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे और किसी भी नापाक मंसूबे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बता दें कि आतंक के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान गुरुवार को जम्मू कश्मीर से लेकर जैसलमेर तक हिन्दुस्तान के करीब 15 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की लेकिन भारतीय सेना ने इन सभी हमलों को नाकाम कर दिया।

## जम्मू-कश्मीर में स्कूल 12 मई तक रहेंगे बंद

**जम्मू।** सीमा पर पाकिस्तान के साथ जारी तनाव और हालिया ड्रोन हमलों की घटनाओं के चलते जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों को 12 मई तक बंद रखने का फैसला किया है। यह निर्णय विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जम्मू-कश्मीर शिक्षा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है ह्लराज्य में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सभी सरकारी और निजी स्कूल 12 मई 2025 तक बंद रहेंगे। इसके बाद हालात की समीक्षा कर आगे निर्णय लिया जाएगा। स्कूल बंद रखने का यह आदेश सीमावर्ती और संवेदनशील जिलों में विशेष रूप से लागू किया गया है, जिनमें जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी, पुंछ और उधमपुर प्रमुख हैं। यहां हाल ही में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और आतंकी गतिविधियों की कोशिशें सामने आई थीं। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि बंदी के दौरान जहां संभव हो, वहां ऑनलाइन शिक्षण की व्यवस्था जारी रखी जाए ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो। स्कूलों को वर्चुअल क्लास शेड्यूल भेजने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने दें और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें।

# भारत के एक्शन से पाक में तबाही

### जम्मू, पठानकोट, जैसलमेर और पोखरण... हर जगह पाक की मिसाइलें और ड्रोन चकनाचूर

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार देर रात जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के अलग-अलग शहरों में पाकिस्तान की ओर से किए गए बड़े मिसाइल और ड्रोन हमले को नाकाम कर दिया। भारत के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और एंटी ड्रोन सिस्टम ने पाकिस्तानी मिसाइलों और ड्रोन को चुन-चुनकर हवा में ही मार गिराया। पाकिस्तानी मिसाइलों के टारगेट पर जम्मू एयर स्ट्रिप, श्रीनगर और जैसलमेर एयरपोर्ट, पठानकोट एयरबेस और भारत के कई सैन्य प्रतिष्ठान थे। लेकिन भारत ने अपने शानदार एयर डिफेंस का नमूना पेश करते हुए पाकिस्तान के इन सभी हमलों को नाकाम कर दिया।




भारतीय सेना के एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम जिसे ह्यसुदर्शन चक्रह्न नाम दिया गया है, ने 7-8 मई की रात को पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन और मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट किया और वे कुछ नुकसान कर पाते उससे पहले ही उन्हें नष्ट कर दिया। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एस-400 सिस्टम पाकिस्तान से आने वाले खतरों को बेअसर करने के लिए भारत के शस्त्रागार का अहम हिस्सा है। पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर में हुए नुकसान से बौखला गया है और आत्मघाती फैसले कर रहा है। बता दें कि 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी शिविरों को एयर स्ट्राइक में तबाह कर दिया था।

भारतीय सेना ने एक बयान में कहा, '07-08 मई, 2025 की रात को पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। इन्हें इंटीग्रेटेड काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा बेअसर कर दिया गया। पाकिस्तानी मिसाइलों और ड्रोन के मलबे जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं।'

रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारत ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया है। पाकिस्तानी एयर फोर्स के एक एडब्ल्यूएसीएस विमान को भी भारत ने मार गिराया है। वहीं, जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान के बहुत अंदर तक मिसाइलें दागी हैं। लाहौर, सियालकोट, इस्लामाबाद और अन्य कई पाकिस्तानी शहरों पर भारत ने जोरदार हमले किए हैं। कराची में भी भारत ने जवाबी हमला किया है।

एस-400 दुनिया की सबसे उन्नत लंबी दूरी की एयर डिफेंस सिस्टम में से एक है। इसका निर्माण रूस की अल्माज-एंते द्वारा किया गया है और इसे भारत की स्ट्रैटेजिक एयर डिफेंस कमांड शामिल किया गया है।

इसे फाइटर जेट, मिसाइल, ड्रोन और यहां तक कि बैलिस्टिक मिसाइलों सहित अन्य हवाई खतरों को ट्रैक करने, इंटरसेप्ट करने और नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एयर डिफेंस सिस्टम अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर टारगेट को हिट करने में सक्षम है, जिस कारण यह दुश्मन के हवाई हमलों के खिलाफ भारत का रक्षा कवच बना रहा।


एस-400 की प्रमुख विशेषताओं में मल्टी-टारगेट इंगेजमेंट शामिल है, जिसका मतलब है कि यह अपने एडवांस रडार और मिसाइल सिस्टम का उपयोग करके एक साथ 36 टारगेट को भेद सकता है। यह अपनी सबसे एडवांस मिसाइलों के साथ 400 किलोमीटर (250 मील) तक की दूरी पर टारगेट का पता लगा सकता है और उन्हें नष्ट कर सकता है, जिससे यह लंबी दूरी के खतरों के खिलाफ बहुत प्रभावी हो जाता है।

### एस-400 की खासियत

एस-400 की सबसे बड़ी खासियत ये है कि यह वायु सेना, थल सेना और नौसेना तीनों के उपयोग में आ सकता है। यह सिस्टम 0-30 किलोमीटर की ऊंचाई पर हवाई खतरों को भी निशाना बना सकता है, जिसमें स्टील्थ विमान, ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल शामिल हैं। यह सिस्टम 4 ।8 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चलने वाले लक्ष्यों को रोक सकता है। इसे मोबाइल लॉन्चर पर लगाया जाता है, जिससे बहुत कम समय में इसे एक जगह से दूसरी जगह पर तैनात किया जा सकता है, जिससे विरोधियों के लिए इसके लोकेशन का पता लगाना और निशाना साधना मुश्किल हो जाता है। भारत ने रूस से एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के पांच स्क्वाड्रन खरीदे हैं, जिनमें से तीन पहले से ही सक्रिय हैं और 2026 तक बचे दो स्क्वाड्रन की भी डिलीवरी होने की उम्मीद है। पांच एस-400 स्क्वाड्रन के लिए भारत ने रूस के साथ 2018 में 35,000 करोड़ रुपये के रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर किए गए थे और 2021 में पहला एस-400 सिस्टम भारत को मिला था।

### 'भारत की जवाबी कार्रवाई ने देश का स्वाभिमान और हिम्मत बढ़ाई'

# संघ ने सेना को जमकर सराहा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष को लेकर प्रतिक्रिया दी है। संघ ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई को लेकर भारत सरकार की जमकर तारीफ की। संघ ने 'एक्स' पर लिखा, 'पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के बाद पाक प्रायोजित आतंकवादियों और उनके समर्थक तंत्र के विरुद्ध की जा रही निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सशस्त्र बलों को हार्दिक बधाई।'

**'देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक और अपरिहार्य कदम' :** संघ ने आगे लिखा, 'हमारा यह भी मानना है कि पाकिस्तान में आतंकियों, उनके ढांचे और सहयोगी तंत्र पर की जा रही सैनिक कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक और अपरिहार्य कदम है। राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार और सैन्य बलों के साथ खड़ा है। पाकिस्तानी सेना की ओर से भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों और नागरिक बस्ती क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों की हम निंदा करते हैं। जो इन हमलों का शिकार हुए, उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।'

**समस्त देशवासियों से किया यह आह्वान :** संघ ने आगे लिखा, 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस चुनौतीपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों से आह्वान करता है कि शासन और प्रशासन द्वारा दी जा रही सभी सूचनाओं का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करे। इसके साथ-साथ इस अवसर पर हम सबको अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यह भी सावधानी रखनी है कि राष्ट्र विरोधी शक्तियों के सामाजिक एकता और समरसता को भंग करने के किसी भी षड्यंत्र को सफल न होने दें। समस्त देशवासियों से अनुरोध है कि अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए सेना एवं नागरी प्रशासन के लिए जहां भी।

### 'सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन'

सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के हवाले से संघ ने लिखा, 'ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन। हिंदू यात्रियों के नृशंस हत्याकांड में आहत परिवारों को एवं समस्त देश को न्याय दिलाने हेतु हो रही इस कार्रवाई ने समूचे देश के स्वाभिमान एवं हिम्मत को बढ़ाया है।'

# दिल्ली में हाई अलर्ट

### डॉक्टर की छुट्टियां हो सकती हैं रद्द



**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम हमले का बदला पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके लिया। इसके बाद से भारत और पाक के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इन हालातों के मद्देनजर राजधानी दिल्ली में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। दिल्ली में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इस बीच खबर है कि दिल्ली के सभी अस्पतालों में डॉक्टर की छुट्टियां रद्द हो सकती है। सफदरजंग अस्पताल में कल से छुट्टियां शुरू हो गई है। एम्स और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 16 मई से छुट्टियां शुरू हो रही है। वहीं, दूसरे अस्पतालों में भी डॉक्टरों की छुट्टियां होती है। इस दौरान आधे डॉक्टर छुट्टी पर रहते हैं। ऐसे में वर्तमान हालात को देखते हुए सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द की जा सकती हैं।

# चंडीगढ़ में अगले आदेश तक बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज

### पंचकूला और मोहाली में भी स्कूल व कॉलेजों को शुक्रवार और शनिवार को बंद रखने का आदेश जारी

**चंडीगढ़।** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालातों के बीच पूरे पंजाब समेत राजधानी चंडीगढ़ में सभी शिक्षण संस्था बंद कर दिए गए हैं। स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी सहित अन्य निजी शिक्षण संस्थान भी अगले दो दिन बंद रहेंगे। पंचकूला और मोहाली में भी स्कूल व कॉलेजों को शुक्रवार और शनिवार को बंद रखने का आदेश जारी हुआ है।



पंजाब यूनिवर्सिटी की तरफ से भी संदेश जारी किया गया है कि 9, 10 और 12 मई 2025 को होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी।

चंडीगढ़ प्रशासन ने सुरक्षा कारणों के चलते स्कूल व कॉलेज बंद रखने का फैसला लिया है। बच्चों को 2 दिनों तक घर पर रखने की अपील की गई है। असामान्य स्थिति से बचने के लिए प्रशासन ने सतर्क रहने की सलाह दी है। इधर पंचकूला जिले में सोमवार तक सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों सहित सभी शिक्षण संस्थानों को बंद करने के उपायुक्त ने आदेश जारी किए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते पंजाब सरकार ने सभी सरकारी, निजी और सहायता प्राप्त स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों को अगले तीन दिन के लिए बंद करने का फैसला लिया है। शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने इस संबंध में वीरवार को जानकारी दी है।

बैंस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए ही सरकार की तरफ से पूरे पंजाब में यह फैसला लिया गया है। इससे पहले बॉर्डर एरिया के स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया था। सभी डिप्टी कमिश्नरों की तरफ से अपने स्तर पर यह फैसला लिया जा रहा था, लेकिन अब तनाव बढ़ाने के बाद पूरे पंजाब में ही आदेशों को लागू करने करने का फैसला लिया गया है। अभी फिलहाल तीन दिन के लिए यह आदेश जारी किए गए हैं और स्थिति को ध्यान में रखते आगे इस पर फैसला लिया जाएगा।

## दिल्ली में बजा मॉक ड्रिल का सायरन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मुख्यालय, आईटीओ में एयर रेड सायरन का परीक्षण किया गया। परीक्षण से पहले जिला मजिस्ट्रेट (मध्य) द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कहा गया कि यह परीक्षण लगभग 15-20 मिनट तक चलेगा।

विज्ञप्ति में आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे इस दौरान शांति बनाए रखें और किसी भी प्रकार के दहशत से बचें। यह केवल एक नियमित परीक्षण है, जिसका उद्देश्य सिस्टम की कार्यकुशलता सुनिश्चित करना है।

जिला मजिस्ट्रेट (मध्य) जी. सुधाकर ने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को भी इस परीक्षण के बारे में सूचित कर दिया है ताकि किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति से बचा जा सके।

**युद्ध कोई समाधान नहीं: मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड :** भारत-पाकिस्तान युद्ध के बीच ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बड़ा बयान दिया है। बोर्ड ने जोर देकर कहा है कि युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं है। देशों को बातचीत और कूटनीतिक तरीकों से अपने मामले सुलझाने चाहिए।

# पाक की नापाक हरकत : रिहाइशी इलाकों को निशाना बना रही सेना








**जम्मू।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से ही एलओसी और भारतीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से बेवजह फायरिंग जारी थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तो सीधे नागरिकों को निशाना बनाते हुए भारी गोलाबारी की जा रही है। गुरुवार रात जम्मू एवं कश्मीर के सीमावर्ती कस्बे में पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलाबारी में वाहनों और दुकानों को नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में नागरिक के घरों को नुकसान पहुंचा।

जम्मू-कश्मीर के एक सीमावर्ती गांव के एक स्थानीय ने कहा, ₹कल रात जब हमने अपनी दुकान बंद की, तो गोलाबारी शुरू हो गई। आज सुबह मैंने देखा कि मेरी दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। ये बहुत ही बुरा हुआ है। यह मान लीजिए एक तरह से नागरिकों की लक्षित हत्या जैसा है।₹

**सीमावर्ती इलाकों में प्रशासन ने खाली कराए गांव :** पाकिस्तान की ओर से वीरवार रात को किए गए हमले के बाद सुरक्षा के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने भारत-पाकिस्तान सीमा और नियंत्रण रेखा से सटे गांवों को खाली करा दिया है। गांव मकवाल और मकवाल कैंप के लोगों को फ्लायं मंडाल में ठहराया गया है। गोलपत्तन, कानाचक, दयौड़ा नपू, नई बस्ती, सांदवां सहित अन्य गांवों के लोगों नागबनी में सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। खौड़, पुंछ और नौशेरा से आ रहे लोगों को मिश्रीवाला में ठहराया गया है।

पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों की कायराना हरकत के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से उन्हें जवाब दिया। नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार के आतंकी शिविरों पर हमले से बौखलाई पाकिस्तानी सेना लगातार नागरिक इलाकों को निशाना बना रही है। मंगलवार देर रात हमले के बाद बुधवार देर रात भी पीओके से तंगधार और उड़ी सेक्टर में गोलाबारी की गई।

गोलाबारी के दौरान लोग बंकरों में छिपे थे। वीरवार सुबह जब वह निकले तो अपने उजड़े आशियानों को देख रोना आ गया।

## आवश्यकता

समन्वयक, CFC,
साहिबाबाद थाना
**योग्यता :** अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का अच्छा ज्ञान, कंप्यूटर निपुण, कक्षा 12 उत्तीर्ण।
आयु सीमा : 18 +
मो. :7053312647

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 10 मई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# एमएलसी दिनेश गोयल ने कमेंट सपोर्ट पर जताया जनता का आभार



## बोले आशा करता हूं मिलता रहेगा हमेशा ऐसा प्यार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बीते दिनों दैनिक करंट क्राइम ने एमएलसी चुनाव को लेकर एक खबर प्रकाशित की थी। इस खबर में करंट क्राइम ने उन संभावित चेहरों का जिक्र किया था जो आने वाले समय में एमएलसी पद के दावेदार हो सकते हैं। जब यह खबर प्रकाशित हुई तो यहां एमएलसी दिनेश गोयल के समर्थक फेसबुक पर आ गये। उन्होंने दिनेश गोयल को सबसे बेहतरीन एमएलसी बताते हुए अपने कमेंट के जरिए उन्हें सपोर्ट किया। समर्थकों की एक बड़ी संख्या सोशल मीडिया पर आई। एमएलसी दिनेश गोयल ने दैनिक करंट क्राइम से बात करते हुए उन्हें सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि मैं जनता के इस प्यार से अभिभूत हूं। मैंने जनसेवक के रूप में, जनप्रतिनिधि के रूप में अपना फर्ज निभया और मुझे खुशी है कि जनता ने भी मुझे अपना प्यार दिया। मैं उम्मीद करता हूं कि हमेशा मुझे क्षेत्र की जनता का ये प्यार मिलता रहेगा।

एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि जनता ने मुझपर जो विश्वास जताया है, मैं उसके लिए दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त करता हूं। मैं भरोसा दिलाता हूं कि हमेशा जनता के लिए समर्पित रहूंगा और क्षेत्र का विकास कराऊंगा।

## स्कूल के मुद्दे पर बोले एमएलसी दिनेश गोयल, कोई गडबड़ नहीं है और हो जायेगा मैनेजर का चयन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बड़े स्कूल में बड़ी गड़बड़ी का किस्सा गूंज रहा है। दैनिक करंट क्राइम ने इस मामले को प्रकाशित किया था और हमारे जागरूक पाठकों ने इसे कनैक्ट किया और उस स्कूल तक पहुंच भी गये। दरअसल ये मामला ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय की प्रबंध कमेटी को लेकर चल रहा है। बताया जाता है कि एक महीने पहले शिक्षण संस्थान के मैनेजर का निधन हो गया था। उसके बाद से ही लगातार ये सुगबुगाहट चल रही है कि स्कूल में सबकुछ ठीक नहीं है। खातों में भारी हेराफेरी है और वित्तीय अनियमितताओं का किस्सा भी बाहर आया है। इस पूरे मामले पर दैनिक करंट क्राइम ने ठाकुरद्वारा शिक्षण संस्थान के चेयरमेन तथा एमएलसी दिनेश गोयल से बात की। कॉलेज में चल रही उथलपुथल और अन्य चर्चाओं को लेकर ठाकुर द्वारा शिक्षण संस्थान के चेयरमैन तथा एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि कोई ऐसी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मैनेजर का चयन कर लिया जायेगा। किसी भी गड़बड़ी की बात से उन्होंने इंकार किया और कहा कि शिक्षण संस्था अपना काम कर रही है। एमएलसी दिनेश गोयल ने बताया कि यह शिक्षण संस्थान और टेम्पल एसोसिएशन संयुक्त रूप से ठाकुरद्वारा विद्यालय को चलाते हैं। ठाकुरद्वारा टेम्पल एसोसिएशन का चुनाव अभी हाल में ही सम्पन्न हुआ है। नियम यह है कि टेम्पल एसोसिएशन के चुनाव के बाद छह महीने के भीतर शिक्षण संस्थान की प्रबंध कमेटी का भी चुनाव होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में टेम्पल एसोसिएशन का चुनाव हुआ है और जल्द ही शिक्षण संस्थान का भी चुनाव हो जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैनेजर का भी चयन कर लिया जायेगा।

# विकास वाले किस अधिकारी पर है काम करने का जुनून सवार

## रात को 12 बजे तक बैठते हैं दफ्तर में और करते हैं प्लान पर काम

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आमतौर पर अधिकारी काम करते हैं और उनकी कार्यशैली का लाभ जनता को मिलता है। विकास वाली महकमें के एक अधिकारी इन दिनों टू-मच कर्मठ हो गये हैं और उनकी कर्मठता के किस्से पूरे विभाग में गूंज रहे हैं। अधिकारी की कार्यशैली से महकमें के कर्मचारी परेशान हैं और वो भी दबी जुबान से कह रहे हैं कि काम तो ठीक है मगर शाम तक भी ठीक है लेकिन साहब तो शाम क्या रात कर देते हैं और रात में भी आधी रात तक वो दफ्तर में ही रहते हैं। साहब की यह कर्मठता जनता के लिए अच्छी है, सरकार के लिए भी अच्छी है लेकिन उनके मातहत कर्मचारी साहब की इस अदा से काफी आहत हैं। सुना है कि विकास वाली महकमें के साहब किसी बड़े प्लान पर काम कर रहे हैं और काम का जुनून उन पर इस कदर सवार हो गया है कि जब सारे महकमों के अधिकारी भी घर चले जाते हैं उसके बाद भी विकास वाले महकमें के साहब अपना दफ्तर नहीं छोड़ते हैं। अब साहब बैठे है तो कर्मचारियों की भी मजबूरी हो जाती है। महकमा सूत्र बताते हैं कि साहब पर कर्मठता की ऐसी देवी आई हुई है कि उन्होंने दूसरे विभाग का काम भी अपने सर पर ले लिया है। लेकिन उनकी ये कर्मठता अन्य कर्मचारियों को खल रही है। वो बोल कुछ नहीं रहे लेकिन बता जरूर रहे हैं कि रातें काली हो रही हैं और कागज भी काले हो रहे हैं।



# पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने धारा-177 का हवाला देते हुए कहा

## औद्योगिक क्षेत्रों से टैक्स वसूली पर नगर निगम करे फोकस









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर निगम के पार्षद खामोश हैं और निगम के पूर्व पार्षदों में पूरा रोष है। पूर्व पार्षद प्रेस वार्ता कर चुके, लैटर लिख चुके और अब वो इस मामले पर हाईकोर्ट जाने की तैयारी में है। निगम के तीनों पार्षद सीनियर हैं, निगम एक्ट के जानकार हैं और वो इस बात को कह चुके हैं कि बढ़े हुए करों का बोझ जनता पर नहीं लादा जा सकता है। वो इस बात पर हैरानी जता चुके हैं कि जब कैबिनेट मंत्री निगम के सदन की मुखिया और विधायकों की मौजूदगी में ये तय हो गया कि हाऊस टैक्स नहीं बढ़ाया जायेगा तो फिर ये क्यों बढ़ाया गया। वो ये भी कह चुके हैं कि निगम एक्ट के अनुसार तीन साल में एक बार टैक्स बढ़ाया जा सकता है।

हाऊस टैक्स को लेकर एक बार फिर पूर्व पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने निगम को सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यदि नगर निगम घरों से हाऊस टैक्स के बजाय नगर निगम में सम्पत्ति कर वसूले तो उसकी आय भी बढ़ेगी और बेहतर होगा कि नगर निगम औद्योगिक क्षेत्र में फोकस करे। इससे जनता पर करों का दबाव भी नहीं बढ़ेगा। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने निगम एक्ट का फिर से हवाला दिया। उन्होंने बताया कि यूपीसीडा ने औद्योगिक क्षेत्र में नगर निगम को टैक्स वसूलने के अधिकार से दूर कर दिया है। यहां पर पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने निगम एक्ट का हवाला देते हुए कहा कि नगर निगम को औद्योगिक क्षेत्र में सम्पत्ति कर वसूलने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिनियम की धारा 177 इस बात को कहती है कि नगर निगम औद्योगिक क्षेत्र में सम्पत्ति कर वसूलेगा और यूपीसीडा इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। हिमांशु मित्तल ने कहा कि कोई भी ऑर्डन नगर निगम अधिनियम से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अगर नगर निगम औद्योगिक क्षेत्र की सम्पत्ति पर फोकस करेगा तो उसे जनता पर अतिरिक्त करों का बोझ डालने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

# 13 मई को जीडीए की बोर्ड बैठक में होगा कई मामलों का निस्तारण

## मधुबन बापूधाम से लेकर हरनंदीपुरम के सुलझेंगे कई मामले




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 13 मई को होने जा रही है। सूत्र बताते हैं कि अगर सबकुछ सामान्य रहा तो यह बैठक आयुक्त, मेरठ की अध्यक्षता में होगी। सूत्र बताते हैं कि जीडीए की यह बोर्ड बैठक कई मुद्दों को लेकर अहम होगी।

बोर्ड बैठक में गाजियाबाद, मोदीनगर एवं लोनी महायोजना -2031 प्रारूप के कई मामलों पर चर्चा होगी। उनके विकास का नक्शा तय होगा। इसके अलावा मधुबन बापूधाम योजना के पॉकेट-ई में स्थित शमशान की परिधि पर नियोजित 373 भूखण्डों को अन्यत्र शिफ्ट करने और इन परिवर्तनों को मानचित्र में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। इसी बैठक में ये तय होगा कि हरनंदीपुरम योजना में जिन किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है उन्हें 4 गुना अधिक मुआवजा मिलेगा। इसके अलावा किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूखंड भी दिये जाने का प्रस्ताव रखा जायेगा।

### 2000 करोड़ की आयेगी लागत और 400 करोड की जारी हो चुकी है किश्त

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद में दिल्ली मेरठ रोड स्थित जीडीए की प्रस्तावित हरनंदीपुरम योजना पर लगातार काम चल रहा है। यह टाउनशिप हाईटेक टाउनशिप होगी और माना जा रहा है कि इन्दिरापुरम योजना के बाद यह गाजियाबाद में दूसरी बड़ी योजना आ रही है। इस योजना में 8 गांव की 501 हेक्टेयर जमीन ली जायेगी। लगभग 2000 करोड की लागत इस योजना पर आयेगी। हरनंदीपुरम टाउनशिप के लिए 400 करोड की पहली किश्त जारी हो चुकी है। जो गांव इस योजना से प्रभावित होंगे उन गांवों में ग्राम मथुरापुर, चम्पतनगर, शमशेर, भनैडाखुर्द, नगंला फिरोजपुर, निज मोरटा, भोवापुर और मोरटा हैं।

### शमशान घाट के सामने प्लॉट अब बन गये हैं पार्क

**करंट क्राइम** ।जीडीए की बोर्ड बैठक में एक बार फिर मधुबन बापूधाम की उन प्लॉटों का मामला भी सामने आयेगा जो प्लॉट जीडीए ने पहले बेच दिया और बाद में उन्हें आवंटियों ने वापस कर दिया। दरअसल ये प्लॉट शमशान घाट के सामने थे और जब प्लाट बेचे गये थे तब लेने वालों को इस बात का पता नहीं था। बाद में शमशान घाट को लेकर तकनीकी पेंच फंस गया और फिर ये हुआ कि आवंटियों ने प्लाट लेने से इंकार किया और अपना रिफंड लेना शुरू कर दिया। जीडीए ने भी यहां यूटर्न लिया और फिर शमशान घाट के सामने वाले प्लाट अब पार्क में तब्दील हो गये। लोग रिफंड ले रहे हैं और जीडीए ने ये प्लाट पार्क में तब्दील कर दिये हैं।

### हरनंदीपुरम आवासीय योजना के बाद बदल जायेगी मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर

**करंट क्राइम।** हरनंदीपुरम आवासीय योजना आ रही है और इस योजना पर तेजी से काम चल रहा है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री स्वयं इसकी समीक्षा कर रहे है। सरकार का प्रयास है कि एक साल के अंदर यहां काम शुरू हो जाये और 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले सरकार इसका उद्घाटन कर दे। यह सरकार की बड़ी आवासीय योजना है जिसमें जनता के एक बड़े हिस्से को मकान की चाबी मिलेगी। यहां कई सुविधायें होगी। सबसे बड़ी बात ये है कि जीडीए की हरनंदीपुरम आवासीय योजना आने के बाद मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। ये इलाके शहरी क्षेत्र में माने जायेंगे और ये माना जा रहा है कि ये योजना मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में ली जायेगी और इसके बाद मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का नक्शा ही बदल जायेगा।

### अगर हो गया प्रस्ताव पास तो जून महीने से जीडीए खरीदनी शुरू कर देगा जमीन

**करंट क्राइम।** 13 मई की बोर्ड बैठक हरनंदीपुरम योजना के लिए खास है। सूत्र बताते हैं कि अगर इस बोर्ड बैठक में हरनंदीपुरम योजना के प्रस्ताव पर मुहर लग जाती है तो जीडीए जून महीने में जमीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर देगा। माना जा रहा है कि जून महीने से जमीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। जमीन का अधिग्रहण और मुआवजा दोनों गति पकड़ लेंगे।

# आचार्य रजनीश ने कहा है कि अगर ध्यान या पूजा अस्त्र-शस्त्रों के विकल्प होते तो महाभारत कदापि नहीं होता : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को एक समाचार पत्र में एक सुंदर लेख छपा है। यह लेख आध्यात्मिक कॉलम के अंतर्गत लिखा है। यह ध्यान का समय नहीं है। जब भय हो युद्धोन्माद हो तब ध्यान नहीं हथियारों की आवश्यकता होगी। अति आधुनिक हथियारों, बमों, मिसाइलों और तोपों की आवश्यकता होगी। इस संबंध में राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता की पंक्तियां बहुत ही प्रासंगिक हैं -

***क्षमा शोभती उस भुजंग को,***
***जिसके पास गरल हो***
***उसको क्या जो दंतहीन विनीत सरल हो।***

क्षमा करने का नैतिक आधार उस व्यक्ति, संस्था या देश को है जिसके पास शक्ति है, सामर्थ्य है और साहस है। अगर कोई बिना जहर और बिना दांत वाला सर्प अगर क्षमा की बात कहे तो वह हास्यास्पद के अतिरिक्त कुछ नहीं है।

कल पाकिस्तान की संसद में एक सदस्य कह रहे थे कि अब तो अल्लाह ही हमारी रक्षा करेगा। एक समय में हमारे देश में भी ऐसे ही जब सोमनाथ मंदिर को तोड़ने के समय न तो हमारे शिवशंकर प्रकट हुए और न हमारे करुण पुकार से आताताईयों का दिल पसीजा। ये बात सच है कि भारत और पाकिस्तान दोनों के पास परमाणु बम है। जहां ये इस बात की चिंता बढ़ाता है कि कहीं ये युद्ध परमाणु युद्ध में न बदल जाए वहीं ये इस बात की गारंटी भी है कि पाकिस्तान को सदैव याद रहता है कि परमाणु युद्ध उसके अस्तित्व को समाप्त कर देगा।



> **ये बात सच है कि भारत और पाकिस्तान दोनों के पास परमाणु बम है। जहां ये इस बात की चिंता बढ़ाता है कि कहीं ये युद्ध परमाणु युद्ध में न बदल जाए वहीं ये इस बात की गारंटी भी है कि पाकिस्तान को सदैव याद रहता है कि परमाणु युद्ध उसके अस्तित्व को समाप्त कर देगा।**

> **अटल जी ने बिल क्लिंटन को उत्तर दिया कि मैं अभी मान लेता हूं कि भारत की आधी आबादी नहीं रहेगी लेकिन ये भी सुनिश्चित है कि सुबह तक दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान समाप्त हो जाएगा। ये केवल कथन नहीं है ये धरातल की सच्चाई है।**

कारगिल युद्ध के समय पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधान मंत्री नवाज शरीफ अमेरिका गए और वहां के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन से युद्ध रुकवाने की अपील की थी। बिल क्लिंटन ने भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी को फोन किया और युद्ध रोकने के लिए कहा। अटल बिहारी वाजपेई ने कहा कि क्या ये बात आपने नवाज शरीफ से भी कही। बिल क्लिंटन ने कहा कि वह तो कह रहे हैं कि हमें परमाणु बम इस्तेमाल करेंगे। अटल जी ने बिल क्लिंटन को उत्तर दिया कि मैं अभी मान लेता हूं कि भारत की आधी आबादी नहीं रहेगी लेकिन ये भी सुनिश्चित है कि सुबह तक दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान समाप्त हो जाएगा। ये केवल कथन नहीं है ये धरातल की सच्चाई है।

आचार्य रजनीश ने कहा है कि अगर ध्यान या पूजा अस्त्र शस्त्रों के विकल्प होते तो महाभारत कदापि नहीं होता। अर्जुन स्वयं भावातीत ध्यान में जाना चाहता था लेकिन श्री कृष्ण ने उसे ललकारा और गांडीव उठाकर युद्ध करने के लिए तैयार किया। युद्ध के समय में हम सभी नागरिकों को भी अपने दायित्वों का निर्वाह करना होगा। समाज को एक जुट रखना, अफवाहों से बचना, सेना और जनता का मनोबल बढ़ाने वाली गतिविधियों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

# सीएम ग्रेड को लेकर हो गई एक विधायक की बल्ले-बल्ले

## दूसरे विधायक कर रहे हैं खोज कि क्यों नहीं पड़ा कुछ उनके पल्ले

**नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की कार्यशैली से ये फंड मिला और इससे गाजियाबाद के विकास में होगा लाभ**




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सरकारी फंड आया और ये फंड नगर निगम के जरिए आना था। सूत्र बताते हैं कि नगर निगम के रास्ते आने वाले इस फंड का एक बड़ा लाभ एक विधायक ने उठाया। उनकी विधानसभा में सड़कें काली हो गईं, सीवर साफ हो गये। कहानी जब दूसरे विधायक जी को पता चली तो वो इस बात को लेकर हैरान है कि इन वाले विधायक जी की जब इतनी बल्ले बल्ले हो गई तो हमारे पल्ले उस अनुपात में क्यों कम आया है। सूत्र बताते हैं कि नगर निगम परफॉर्मेंस के आधार पर सीएम ग्रेड का फंड आया है। इस फंड से सड़कों का निर्माण होना है और सीवर का काम होना है। बड़ी बात ये है कि सीएम ग्रेड के इस फंड आने का आधार हाऊस टैक्स में छुपा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की कार्यशैली से ये फंड मिला और इससे गाजियाबाद के विकास में लाभ होगा। क्योंकि टैक्स वसूली को लेकर यह फंड भी जुडा है और इस टैक्स वसूली में सीएम ग्रेड का फंड आने में हाऊस टैक्स ने भूमिका निभाई है।

सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद को 150 करोड रूपये का फंड मिला है और नगर निगम का ये फंड तीन विधानसभाओं में लगना है। अब यहां पर ट्यूनिंग गेम हो गया। दरअसल एक विधायक की नगर निगम की मेयर से बेहतर ट्यूनिंग बताई जाती है। ये विधायक अपनी स्मार्ट वर्किंग के लिए जाने जाते हैं और विधायक जी को पता था कि सीएम ग्रेड का फंड कैसे खर्च होना है। उन्होंने यहां मेयर के साथ अपनी ट्यूनिंग को बेहतर करते हुए विकास का रूख अपनी तरफ मोड लिया। अब विकास तो तीन विधानसभाओं में होना है। एक विधायक जी की ज्यादा केयर हो गई और दूसरे विधायक इस मामले में ज्यादा फोकस नहीं करते। लेकिन सूत्र बताते हैं कि तीसरे विधायक ने इस पर वर्क शुरू कर दिया।

बताया जाता है कि उन्हें किसी ने बता दिया कि गुरू फंड में बंटवारा ठीक से नहीं हुआ है और कृपा का रूख उधर मुड गया है। अगर फंड का ड्रिस्ट्रीब्यूशन ठीक होता तो कोई बात नहीं थी लेकिन यहां तो कृपा का प्रवाह तो कहीं और हुआ है और अगर तुम ध्यान देते तो तुम्हारी विधानसभा में भी सड़के काली हो जाती और सीवर साफ हो गये होते।

सूत्र बताते हैं कि विधायक जी कुछ बोल नहीं रहे हैं लेकिन वो इस पूरे मामले की नब्ज को टटोल रहे हैं कि आखिर एक विधानसभा पर इतनी मेहरबानी क्यों हुई है। सूत्र बताते हैं कि इस मामले में सबसे गहरा राज तो चीफ साहब ही खोल सकते हैं।

## संपादकीय

# चौकस भारत

पाकिस्तान, आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के साथ दो देशों की जंग जैसा माहौल बना रहा है। उसने भारत में सैन्य ठिकानों पर हमले किए, जिसे भारत ने नाकाम कर दिया। भारत का रुख है कि तनाव नहीं बढ़ना चाहिए, पर हरकत होने पर जवाब मिलेगा। भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए थे। आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पाकिस्तान दो देशों की जंग का रूप देने पर तुला है। 7 मई की रात के बाद 8 मई देर शाम को पाकिस्तान ने भारत में कई सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। भारत का रुख स्पष्ट और सही है कि क्षेत्र में तनाव नहीं बढ़ना चाहिए, लेकिन अगर पड़ोसी देश ने कोई हरकत की, तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा। जरूरी कदम भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। भारत की प्रतिक्रिया फोकस्ड, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। लेकिन, पाकिस्तान ने इसके जवाब में पहले तो 7 मई को देर रात और 8 मई देर शाम भारत के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। उसने पर गोलाबारी बढ़ा दी और मासूम नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। भारत का लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करना और उसके दूसरे कदम पाकिस्तान को उसकी करतूतों का जवाब हैं, जो कि जरूरी हो गया था। आतंकियों से नाता पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरूआत भारत ने की। एस्केलेशन पहलगाम आतंकी हमले से शुरू हुआ था और भारतीय सेना ने उसके बाद आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है।

नापाक इरादे दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके हिंदुस्तान में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने मिलाया है। उसने धार्मिक स्थलों की पवित्रता का भी ख्याल नहीं रखा और अपने नापाक मंसूबों के लिए उनका इस्तेमाल किया। भारत का लक्ष्य तय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमले होते हैं, तो इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। भारत पहले भी यह बात कह चुका है। इससे जाहिर होता है कि वह अपने लक्ष्य को लेकर फोकस्ड है यानी आतंकवाद का खात्मा। उसका मकसद युद्ध नहीं है।

# 'सिंधु जल संधि मसले पर विश्व बैंक की भूमिका मध्यस्थ से ज्यादा कुछ नहीं': अध्यक्ष अजय बंगा



**नई दिल्ली।** विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि सिंधु जल संधि में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान की भूमिका सिर्फ मध्यस्थ की है और वह भारत की ओर से संधि के निलंबन पर कोई दखल नहीं देगा। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद संधि निलंबित की है।

विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि में विश्व बैंक की मध्यस्थ बनने के अलावा कोई भूमिका नहीं है। बंगा ने यह भी स्पष्ट किया अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से समझौते के निलंबन को ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाएगा। भारत और पाकिस्तान ने नौ साल तक बाचतीत के बाद 1960 में सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए थे। इस संधि में विश्व बैंक की मदद ली गई थी। विश्व बैंक ने भी इस पर हस्ताक्षर किए थे। प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने बंगा के हवाले से कहा, हमारी भूमिका केवल मध्यस्थ की है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक किस तरह से इस समस्या का समाधान करेगा। यह सब बकवास है। विश्व बैंक की भूमिका केवल एक मध्यस्थ की है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को हमला किया। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके बाद भारत ने सिंधु जल संधि को तब तक के लिए निलंबित कर दिया, जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना बंद नहीं कर देता। बंगा ने गुरुवार शाम राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके तुरंत बाद ऐसी अटकलें लगाई जाने लगीं कि विश्व बैंक मामले में दखल देगा। इसके अलावा, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने गुरुवार शाम इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान ने पिछले कई वर्षों में जानबूझकर कानूनी बाधाएं पैदा करके सिंधु जल संधि का बार-बार उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि यह भारत का ही धैर्य है कि पिछले 65 वर्षों से भारत संधि का पालन कर रहा है।

## भारत-पाकिस्तान तनाव से बाजार प्रभावित

### निफ्टी 50 भी 700 अंक गिरा, सेंसेक्स ने लगाया 500 का गोता



**नई दिल्ली।** निफ्टी 50 में 700 अंक और सेंसेक्स में 500 अंक की गिरावट आई है। ये गिरावट पाकिस्तान द्वारा गुरुवार रात को की गई गोलीबारी के बाद देखने को मिली है। पाकिस्तान के कदम का भारत ने भी जोरदार तरीके से जवाब दिया है। इस दौरान पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब में कई जगहों पर ड्रोन और मिसाइलें दागीं।

भारत की सीमा पर पाकिस्तान के साथ तनाव देखने को मिल रहा है। इस तनाव की स्थिति का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी हो रहा है। शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान पर खुला है। शुरूआती कारोबार में ही निफ्टी 50 और सेंसेक्स में गिरावट हुई है। निफ्टी 50 में 700 अंक और सेंसेक्स में 500 अंक की गिरावट आई है। ये गिरावट पाकिस्तान द्वारा गुरुवार रात को की गई गोलीबारी के बाद देखने को मिली है। पाकिस्तान के कदम का भारत ने भी जोरदार तरीके से जवाब दिया है। इस दौरान पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब में कई जगहों पर ड्रोन और मिसाइलें दागीं। लाल निशान पर शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन खुला है। पाकिस्तान की थल सेना ने एलओसी और अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार से भारत पर गोलीबारी की है। वहीं इस कदम के बाद शेयर बाजार पर भी इस तनाव का असर देखने को मिला। सुबह सेंसेक्स 600 अंक नीचे आ गया था और निफ्टी 50 में भी 190 अंक की गिरावट आई थी। वहीं पाकिस्तान के लिए गुरुवार का दिन काफी निराशाजनक साबित हुआ है। पाकिस्तान का शेयर बाजार इस दिन 6000 अंक नीचे गिर गया था। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट की मानें तो भारत में बाजार में आई गिरावट के बाद भी रक्षा क्षेत्र के शेयर हरे निशान पर कारोबार कर रहे है। जानकारी के मुताबिक पारस डिफेंस में 3.52 प्रतिशत, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में 1.6 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) में 2.28 प्रतिशत, जेन टेक्नोलॉजीज में लगभग 4.99 प्रतिशत और मझगांव डॉक में भी लगभग 0.85 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

# तुर्किये और अजरबैजान के लिए हवाई टिकट की बुकिंग बंद

## यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी



**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर यात्रा के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफार्म ने तुर्किये और अजरबैजान के बीच हवाई टिकटों की बुकिंग बंद कर दी गई है। इसके साथ ही यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। यात्रियों को तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। बताया जा रहा है कि दोनों देश पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं। इसके अलावा भारतीयों से संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफार्म कॉक्स एंड किंग्स ने कहा कि हमने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी यात्रा टिकट बुकिंग को अस्थायी रूप से रोकने का फैसला किया है।

### ईजमाई ट्रिप ने भी जारी की एडवाइजरी

ईजमाई ट्रिप ने एक्स पर यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि पहलगाम हमले और भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद यात्रियों से सतर्क रहने की अपील की जाती है। तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान के लिए समर्थन दिखाया है। इसलिए हम सलाह देते हैं कि यात्री केवल तभी यात्रा करें जब बहुत आवश्यक हो। ईजमाई ट्रिप के संस्थापक और अध्यक्ष निशांत पिट्टी ने कहा कि हम मौजूदा हालात को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने अपने सभी ग्राहकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले आधिकारिक यात्रा सलाह से अपडेट रहने की सलाह दी है।

### ट्रावोमिंट ने बंद किए पैकेज

ट्रावोमिंट कंपनी ने भी तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के आह्वान का समर्थन किया। कंपनी ने इन दोनों देशों के लिए सभी यात्रा पैकेजों की बिक्री निलंबित कर दी है। ट्रावोमिंट के चेयरमैन और सीईओ आलोक के सिंह ने कहा कि पाकिस्तान, तुर्किये और अजरबैजान जैसे देशों के साथ बढ़ते तनाव को लेकर हमने कड़ा रुख अपनाया है। हमने तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के भारतीयों के आह्वान का समर्थन करने का फैसला किया है। ट्रावोमिंट ने तत्काल प्रभाव से इन देशों के लिए सभी यात्रा पैकेजों की बिक्री बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि तुर्किये और अजरबैजान के लिए मौजूदा बुकिंग पर कोई रद्दीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसी भी आपात स्थिति या तत्काल आवश्यकता के लिए आपातकालीन उड़ान बुकिंग उपलब्ध होगी।

### कई राज्यों में होटल की बुकिंग रद्द

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष और होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (पश्चिमी भारत) एचआरएडब्ल्यूआई के प्रवक्ता प्रदीप शेट्टी ने बताया कि राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों में होटलों में बुकिंग रद्द कर दी गई है। कार्यक्रम रद्द किए जा रहे हैं। हम स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं।

## देश का ट्रांसपोर्टर हर सेवा देने को तैयार, कैट तय करेगा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति



**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच देश का हर वर्ग केंद्र सरकार और भारतीय सेना के साथ डटकर खड़ा हो गया है। सभी लोग अपनी सेवाएं देकर इस माहौल में अपने देश को मजबूत करने में जुट गए हैं। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कहा है कि उनके सभी ट्रक सेना का हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। कैट ने भरोसा जताया है कि इस आपातकाल में देश में किसी भी आवश्यक वस्तु की कमी नहीं होने दी जाएगी। केंद्र सरकार ने देश को भरोसा दिलाया है कि इस समय देश की आवश्यकता की हर सामग्री उचित मात्रा में उपलब्ध है और किसी भी वस्तु की उपलब्धता को लेकर कोई संकट नहीं है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप हर साल लगभग 4 किलो त्वचा कोशिकाओं को खो देते हैं।
- बच्चे के हृदय की धड़कन वयस्क से ज्यादा होती है।
- एक व्यक्ति औसतन 24 घंटे में 4,823 शब्द बोलता हैं।
- हम जिस हाथ से लिखते हैं उस हाथ की उँगलियों के नाखून जल्दी बढ़ने लगते हैं।
- शरीर में सबसे बड़ी कोशिका मादा अंडाणु और सबसे छोटी कोशिका नर शक्राणु होता हैं।
- जब तक इंसानो का बच्चा कम से कम एक महीने का नहीं हो जाता, तब तक वह आँसू नहीं बहा सकता।
- मानव शरीर में लगभग 60 प्रतिशत जल होता है. मस्तिष्क में 85 प्रतिशत जल है. रक्त में 79 प्रतिशत जल है. तथा फेफड़ों में लगभग 80 प्रतिशत जल होता है।
- शरीर का एकमात्र हिस्सा जो रक्त की आपूर्ति नहीं करता है वह आंख के कॉर्निया है. यह हवा से सीधे ऑक्सीजन प्राप्त करता हैं।
- एक इंसान को रात में लगभग 7 सपने आते है लेकिन हम सपनो को याद नहीं रख पते है।

## राशिफल

**मेष:** बातचीत में सन्तुलित रहें। मन परेशान हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**वृष:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास भी करें। परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**मिथुन:** कारोबारी कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कर्क:** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**सिंह:** बातचीत में सन्तुलित रहें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**तुला:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कार आदि कार्यों में सुखद परिणाम मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**कुंभ:** मन परेशान रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मीन:** परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। भाइयों का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

## चुटकुले

शॉन्टी मोबइल कंपनी में इंटरव्यू देने गया
पहले सवाल पर ही उसे भगा दिया गया...
सवाल- सबसे मशहूर नेटवर्क कौन सा है?
शॉन्टी- कार्टून नेटवर्क!

---

लड़की वाले लड़का देखने गए.
लड़की वाले- हमें ऐसा लड़का चाहिए जो, कुछ खाता पीता ना हो और कुछ गलत काम ना करता हो..
पंडित जी- फिर तो आपको ऐसा लड़का, अस्पताल के ICU में मिलेगा, वहां जाकर खोजो।

---

एक लड़का और लड़की होटल में खाना खाने गए.
वेटर- क्या लोगे आप?
लड़का- वह तेज मिर्ची वाला घेवर ले आओ
वेटर- हैरान होकर.... क्या?
लड़की- ये पागल पिज्जा मांग रहा है।

---

किडनैपर- तुम्हारा बेटा अब हमारे कब्जे में है.
मां- बात करवाना जरा उससे।
किडनैपर ने बेटे को फोन दिया।
मां- तू वहां क्या कर रहा है, अब धनिया लाकर कौन देगा मुझे?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# धर्मशाला में मैच रद्द होने के बाद वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली भेजे गए खिलाड़ी



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों को धर्मशाला से दिल्ली भेजने के लिए विशेष व्यवस्था की। बीसीसीआई ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ ही ब्रॉडकास्ट की पूरी टीम को वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली रवाना किया। दिल्ली और पंजाब के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला रद्द कर दिया गया था। मैच को रद्द कराने का फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच लिया गया। हालांकि, बोर्ड ने बताया था कि धर्मशाला में तकनीकी खामी के चलते मैच नहीं हो सका।

## ट्रेन में सवार थे 300 लोग

खिलाड़ियों और स्टाफ को वंदे भारत से भेजे जाने का यह निर्णय मौजूदा स्थिति और दोनों टीमों के बीच आईपीएल 2025 के मुकाबले को अचानक रद्द करने के बाद उत्पन्न लॉजिस्टिक्स चुनौतियों के मद्देनजर लिया गया। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, बीसीसीआई सूत्रों ने बताया कि करीब 300 लोग जिसमें खिलाड़ी, सहायक स्टाफ और ब्रॉडकास्टिंग टीम के सदस्य शामिल थे, उन्हें इस हाई स्पीड ट्रेन से रवाना किया गया।

पंजाब किंग्स ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। बारिश के कारण मैच निर्धारित समय से देरी से शुरू हुआ था। सुरक्षा कारणों के चलते मैच को रोक कर फ्लड लाइट बंद करवाने के बाद दर्शकों को स्टेडियम से सुरक्षित बाहर निकाला। कुछ ही देर में स्टेडियम को पूरी तरह खाली करवा दिया गया। पंजाब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10.1 ओवर में एक विकेट खोकर 122 रन बना लिए थे। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह के बीच पहले विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी हुई थी। प्रियांश 34 गेंदों में 70 रन बनाकर आउट हो गए जबकि प्रभसिमरन 50 रन बनाकर नाबाद रहे।

धर्मशाला के खूबसूरत मैदान की क्षमता लगभग 23,000 है और खाली कराए जाने के समय यह लगभग 80 प्रतिशत भरा हुआ था। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'दर्शकों में कोई घबराहट नहीं थी। उन्हें (दर्शकों और खिलाड़ियों को) बहुत सावधानी से और सुरक्षित रूप से स्टेडियम से बाहर ले जाया गया।' मैदान से बाहर निकलने के बाद निराश प्रशंसकों ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिक्रियाएं दी।

# दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बम की खबर अफवाह निकली, सुरक्षा बढ़ाई गई; बम निरोधी दस्ता मौके पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिल क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को अरुण जेटली स्टेडियम में बम की धमकी मिली जिसके बाद बम निरोधी दस्ता, डॉग स्क्वाड के साथ दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्टेडियम की जांच की। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम में बम की खबर अफवाह निकली। डीडीसीए के सचिव अशोक शर्मा ने कहा, 'डीडीसीए के ई-मेल पर हमें बम की धमकी मिली। हमने तुरंत ही इसे दिल्ली पुलिस को भेजा। दिल्ली पुलिस की बम निरोधी दस्ता की टीम स्टेडियम में आई और उन्होंने पूरे वेन्यू की जांच की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला।' दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलने के बाद कई टीमें स्टेडियम पहुंची और उन्होंने स्टेडियम की अच्छी तरह जांच की। सूत्रों ने बताया, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन फिर भी हमने स्टेडियम और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं, चेन्नई में बम की धमकी दी गई और कहा गया कि अगर यहां क्रिकेट मुकाबले हुए तो बम फट जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने कहा कि धमकी ई-मेल के जरिये दी थी।

# 'राष्ट्रहित सर्वोपरि है', आईपीएल स्थगित करने पर बीसीसीआई की प्रतिक्रिया; सशस्त्र बलों को किया सलाम



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2025 सत्र को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने पर प्रतिक्रिया दी है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए आईपीएल के मौजूदा सत्र को एक सप्ताह के लिए स्थहित किया था। बीसीसीआई का कहना है कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है, ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

## मौजूदा सत्र में 16 मैच शेष

आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी 16 मैच शेष थे जिन्हें 10 या 12 दिनों के विंडो में पूरा कराया जा सकता है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा, बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 के शेष सत्र को एक सप्ताह के लिए तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। आने वाले दिनों में संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के साथ हालात की व्यापक समीक्षा करने के बाद नए कार्यक्रम और टूर्नामेंट के आयोजन स्थल की घोषणा की जाएगी।

आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला तय कार्यक्रम के अनुसार 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था। बोर्ड बाकी 16 मैचों को सही समय पर कराने की कोशिश करेगा जिसमें 12 ग्रुप चरण और चार प्लेऑफ के मैच शामिल हैं। ऐसी अटकलें हैं कि सितंबर महीने में होने वाला एशिया कप रद्द किया जाता है तो यह एक विकल्प हो सकता है। बीसीसीआई ने कहा, इस कठिन समय में बीसीसीआई देश के साथ खड़ा है। हम भारत सरकार, सशस्त्र बलों और देश के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हैं।

## 'देश की अखंडता से बढ़कर नहीं क्रिकेट'

बीसीसीआई ने कहा कि क्रिकेट देश का जुनून है लेकिन यह देश की अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर नहीं है। बीसीसीआई ने कहा, बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है जिनके ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए वीरतापूर्ण प्रयास राष्ट्र की रक्षा करने के साथ प्रेरणा देते हैं और जो हाल ही के आतंकवादी हमले और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए अनुचित आक्रमण का दृढ़ जवाब दे रहे हैं। बोर्ड भारत की सुरक्षा के लिए सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और हमेशा राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में अपने निर्णय लेगा।

# आईपीएल का 18वां सत्र स्थगित होने के बाद क्यों ट्रोल हो रही आरसीबी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लेते हुए आईपीएल 2025 को एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि एक हफ्ते बाद हालात का जायजा लिया जाएगा और नया कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

## 16 मुकाबले थे शेष

आईपीएल 2025 का सत्र अपने अंतिम पड़ाव पर चल रहा था और इसमें फाइनल सहित कुल 16 मुकाबले खेले जाने शेष थे। आईपीएल 2025 सत्र का फाइनल मुकाबला 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इसे एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को यूएई स्थानांतरित करने का फैसला किया था।



## पाकिस्तान के हमले को भारतीय सेना ने किया नाकाम

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ पाकिस्तान में चलाए गए भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार की रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमले की कोशिश की थी। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के चार लड़ाकू विमान मार गिराए। इनमें अमेरिका निर्मित दो एफ-16 और चीन निर्मित दो जेएफ-17 हैं। जैसलमेर में गिराए एफ-16 और अखनूर में गिराए गए अन्य विमान के दो पायलटों को सैन्य बलों ने हिरासत में ले लिया। पाकिस्तान के दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने पड़ोसी देश के लाहौर, इस्लामाबाद, पेशावर व सियालकोट समेत सात शहरों पर एकसाथ जवाबी कार्रवाई की थी। थल व वायुसेना के बाद नौसेना भी इसमें जुड़ गई।

इस बीच यूजर्स ने आरसीबी को ट्रोल करना शुरू कर दिया। दरअसल, आरसीबी के लिए यह सत्र शानदार रहा है। उन्होंने लीग स्टेज पर खेले गए 11 मैचों में से आठ में जीत दर्ज की है जबकि तीन मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। फिलहाल टीम अंक तालिका में 16 अंक और 0.482 नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर है। टीम के मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए उनके प्लेऑफ में पहुंचने के कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, अब टूर्नामेंट को स्थगति कर दिया गया है।

# तनाव के बीच अंबाती रायुडू ने की शांति की अपील



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच अपने विचार साझा किए। रायुडू ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट किए और शांति की अपील की। हालांकि, यूजर्स इससे नाखुश हुए और उन्होंने रायुडू को जमकर ट्रोल किया। पाकिस्तान ने गुरुवार की रात जम्मू, पठानकोट सहित कई सीमवर्ती शहरों में ड्रोन से हमले की कोशिश की थी, जिसका भारतीय सेना ने जवाब दिया था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम किया और जवाबी कार्रवाई की थी।

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर वीरेंद्र सहवाग सहित कई पूर्व खिलाड़ियों ने पाकिस्तान को लताड़ा और भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया। वहीं, रायुडू ने शांति की अपील की। उन्होंने महात्मा गांधी के एक कथन को साझा करते हुए लिखा, 'आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी।' सोशल मीडिया पर यूजर्स को रायुडू की यह प्रतिक्रिया रास नहीं आई और उन्होंने इस पूर्व बल्लेबाज को जमकर ट्रोल किया।

विवाद बढ़ने के बाद रायुडू ने एक और पोस्ट किया। उन्होंने उसमें लिखा, 'जम्मू-कश्मीर, पंजाब और भारत के अन्य सीमावर्ती इलाकों में शांति और सुरक्षा के लिए प्रार्थना। प्रभावित सभी लोगों के लिए शक्ति, सुरक्षा और शीघ्र समाधान की आशा करता हूं। जय हिंद।' रायुडू यहीं नहीं रुके और उन्होंने ट्रोल के बाद सफाई पेश की। रायुडू ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, आंख के बदले आंख दुनिया को अंधा बना देती है। याद रखें कि यह कमजोरी का आह्वान नहीं है, बल्कि समझदारी की याद दिलाता है। न्याय को दृढ़ रहना चाहिए, लेकिन मानवता को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हम अपने देश से बहुत प्यार करते हैं और फिर भी अपने दिलों में करुणा बनाए रख सकते हैं। देशभक्ति और शांति साथ-साथ चल सकते हैं। रायुडू ने फिर एक पोस्ट किया और भारतीय सेना को सराहा। उन्होंने लिखा, ऐसे क्षणों में हम डर से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प के साथ एकजुट होकर खड़े होते हैं। मैं भारतीय सेना के प्रति बहुत आभारी हूं, जो असली नायक हैं, जो बेजोड़ साहस, अनुशासन और निस्वार्थ होकर देश की सेवा करते हैं। आपके बलिदानों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। आपकी बहादुरी ही तिरंगे को ऊंचा रखता है और हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखता है। आपकी ताकत हमेशा हमें सुरक्षा की ओर ले जाए और आपकी सेवा एक और अधिक शांतिपूर्ण कल का मार्ग प्रशस्त करती रहे। जय हिंद।

# पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा...', सहवाग ने पड़ोसी को जमकर लताड़ा; कोहली ने सेना को सराहा



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भारत के साथ तनाव बढ़ाने के लिए पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। दोनों देशों के बीच पिछले कुछ दिनों से तनाव की स्थिति बनी हुई है। पाकिस्तान ने गुरुवार की रात जम्मू, पठानकोट सहित कई सीमवर्ती शहरों में ड्रोन से हमले किए थे जिसका भारतीय सेना ने जवाब दिया था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम किया और जवाबी कार्रवाई की थी। वहीं, स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने भारतीय सेना के पराक्रम को सराहा है।

## सहवाग बोले- पाकिस्तान ने युद्ध का रास्ता चुना

पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच सहवाग ने पड़ोसी देश को जमकर लताड़ा और कहा कि हमारी सेना पाकिस्तान को ऐसा जवाब देगी कि वो कभी नहीं भूलेगा। सहवाग ने एक्स पर लिखा, पाकिस्तान ने युद्ध का रास्ता चुना, जब उसके पास चुप रहने का मौका था। उसने अपने आतंकी ठिकानों को बचाने के लिए तनाव बढ़ा दिया, इससे बहुत कुछ पता चलता है। हमारी सेनाएं इसका उचित तरीके से जवाब दे रही हैं जो पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।

कोहली ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कर सेना को सलाम किया। उन्होंने लिखा, हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए हमारे सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सलाम करते हैं। हम अपने नायकों के हमेशा ऋणी रहेंगे। उनकी अडिग बहादुरी के लिए और उनके और उनके परिवारों के बलिदान के लिए हार्दिक आभार। जय हिंद।

वेंकटेश प्रसाद ने लिखा, 'पाकिस्तान कितना दुष्ट देश है। भारत ऐसे ही उसे जवाब देगा।' प्रज्ञान ओझा ने लिखा, ऐसे समय में, दुनिया देखती है कि भारत वास्तव में कितना मजबूत और एकजुट है। हम अपने सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़े हैं क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और शिखर धवन ने भी भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया और उनकी सराहना की। हरभजन ने लिखा, जय भारत। जय जवान। हर हर महादेव।

सहवाग के अलावा प्रज्ञान ओझा और आकाश चोपड़ा ने भी भारतीय सेना को सराहा, जबकि पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने पाकिस्तान को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। पूर्व खिलाड़ी कृष्णामचारी श्रीकांत ने कहा, हमारा दिल और प्रार्थनाएं सीमाओं पर डटे हमारे सैनिकों के साथ है। अब समय आ गया है कि हम एकता और विश्वास के साथ उनके साथ खड़े हों। हमारे बहादुर जवान हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखाएं कि भारत वास्तव में किस लिए खड़ा है। जय हिंद।

दिल्ली और पंजाब के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला रद्द कर दिया गया था। मैच को रद्द कराने का फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच लिया गया। हालांकि, बोर्ड ने बताया था कि धर्मशाला में तकनीकी खामी के चलते मैच नहीं हो सका। सुरक्षा कारणों के चलते मैच को रोक कर फ्लड लाइट बंद करवाने के बाद दर्शकों को स्टेडियम से सुरक्षित बाहर निकाला। कुछ ही देर में स्टेडियम को पूरी तरह खाली करवा दिया गया था।

# शुकरी कॉनराड को साउथ अफ्रीका का हेड कोच बनाया गया

## 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक जिम्मेदारी, एस ए को डब्लूटीसी फाइनल पहुंचाया



### टेस्ट टीम की कोचिंग मेरे लिए गर्व की बातः कॉनराड

कॉनराड ने कहा, टेस्ट टीम की कोचिंग करना मेरे क्रिकेट सफर की सबसे बड़ी बात है और अब व्हाइट-बॉल टीमों की देखरेख करने के लिए मैं एक्ससाइटेड हूं। व्हाइट-बॉल क्रिकेट में अफ्रीकी के पास कई टैलेंटेड प्लेयर हैं। मेरा मानना है कि हमारे पास कुछ खास हासिल करने के लिए आवश्यक सब कुछ है। उन्होंने आगे कहा, हमारे पास आगे एक बिजी शेड्यूल है, जिसकी शुरूआत अगले महीने डब्लूटीसी फाइनल से होगी। उसके बाद हमें टी20 वर्ल्ड कप और वनडे वर्ल्ड कप खेलना है।

### अफ्रीका पहली बार डब्लूटीसी फाइनल में

कॉनराड के कोचिंग में साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचा है। टीम का मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया से होगा। डब्लूटीसी पॉइंट्स टेबल में अफ्रीका पहले स्थान पर रहा। टीम के 12 मैचों में 8 जीत और 3 हार के साथ 100 पॉइंट्स रहे।

**मुंबई।** पूर्व साउथ अफ्रीकी प्लेयर शुकरी कॉनराड को क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने सभी फॉर्मेट का कोच चुना है। इससे पहले, टीम के व्हाइट बॉल कोच रॉब वाल्टर के इस्तीफा देने के बाद कॉनराड को टेस्ट और वनडे के कोच की भूमिका दी गई थी।

कॉनराड साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 वर्ल्ड कप तक टीम के कोच रहेंगे। शुक्रवार को क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। कॉनराड की कोचिंग में अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा है।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने पोस्ट किया, शुकरी कॉनराड को प्रोटियाज पुरुष टीम के सभी प्रारूपों के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करते हुए हम खुश है। जनवरी 2023 से टेस्ट टीम को कोचिंग देने वाले वाले कॉनराड अब जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 ट्राई सीरीज से व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में कमान संभालेंगे। 58 वर्षीय कॉनराड क्ळउ मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2027 तक सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम की देखरेख करेंगे, जिसकी मेजबानी खुद साउथ अफ्रीका करेगा।

# गिल टेस्ट कप्तान की रेस में सबसे आगे रोहित ने बुधवार को संन्यास लिया था, सिलेक्शन कमेटी चाहती है युवा कप्तान



**मुंबई।** रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल का नाम टेस्ट कप्तान के लिए सबसे आगे चल रहा है। रोहित ने बुधवार को सोशल मीडिया पर टेस्ट से संन्यास की घोषणा की थी। क्ढछ खत्म होने के बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड दौरे पर जाना है।

भारत का इंग्लैंड दौरा 20 जून से शुरू हो रहा है। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरूआत हेडिंग्ले से होगी। क्रिकेट वेबसाइट क्रिक इंफो की रिपोर्ट के मुताबिक गिल का कप्तान बनना तय है। सिलेक्शन कमेटी की इस महीने के आखिर में मीटिंग है। उसमें गिल के नाम पर आखिरी फैसला लिया जा सकता है।

# इस सीजन हो चुके थे 58 मुकाबले, फाइनल सहित 16 मैच थे शेष

**मुंबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए आईपीएल 2025 सीजन को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ पाकिस्तान में चलाए गए भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार की रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया था। दोनों देशों के बीच तनाव को देखते हुए आईपीएल का जारी रहना संशय में दिख रहा था और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आखिरकार इसे स्थगित करने का फैसला लिया।

आईपीएल 2025 सीजन को स्थगित करने का फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए लिया गया। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने गुरुवार रात बताया था कि मौजूदा स्थिति में आईपीएल का 18वां सत्र जारी रहेगा, लेकिन स्थिति को गंभीरता को देखते हुए अब बीसीसीआई ने इसे स्थगित करने का फैसला किया है। मालूम हो कि लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने गुरुवार रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमले की कोशिश की थी। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के चार लड़ाकू विमान मार गिराए।



## 22 मार्च से हुआ था आगाज

आईपीएल 2025 सीजन का आगाज 22 मार्च को गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच कोलकाता के ईडेन गार्डेंस में हुए मुकाबले से हुआ था। सीजन की शुरूआत शानदार रंगारंग कार्यक्रम से हुई थी जिसमें बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका श्रेया घोषाल, अभिनेत्री दिशा पाटनी ने प्रस्तुति दी थी। 10 टीमों के बीच 13 स्थानों पर 65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाने थे, इनमें नॉकआउट राउंड भी शामिल है।

आईपीएल 2025 का सीजन अपने आखिरी चरण में चल रहा था। इस सीजन अब तक कुल 58 मुकाबले खेले जा चुके थे जिसमें पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार को रद्द हुआ मैच भी शामिल है। आईपीएल के 18वें सीजन में फाइनल सहित अब कुल 16 मुकाबले शेष थे। ग्रुप चरण का अंतिम मैच 18 मई को होना था। इस दिन सीजन का आखिरी डबल हेडर भी था।

दोपहर में लखनऊ सुपर जाएंट्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से लखनऊ में होना था, जबकि शाम को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच से ग्रुप चरण समाप्त हो रहा था। 20 मई से प्लेऑफ चरण की शुरूआत होनी थी और 25 मई को ईडेन गार्डेंस पर खिताबी मुकाबला खेला जाना था।

### तालिका में शीर्ष पर गुजरात

आईपीएल 2025 सीजन स्थगित होने तक गुजरात टाइटंस की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर थी। गुजरात 11 मैचों में आठ जीत और तीन हार के साथ 16 अंक लेकर पहले स्थान पर थी। दूसरे नंबर पर आरसीबी की टीम थी जिसके इतने ही मैचों में गुजरात के समान अंक है। तीसरे स्थान पर पंजाब थी, जबकि चौथे पर मुंबई इंडियंस थी। सीएसके, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी थी, जबकि दिल्ली कैपिटल्स, केकेआर और लखनऊ सुपर जाएंट्स की उम्मीदें अभी भी बची हुई थी।

## हैदराबाद-कोलकाता में होने थे प्लेऑफ

लीग चरण के खत्म होने के बाद, प्लेऑफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। हैदराबाद को 20 मई और 21 मई को क्वालिफायर 1 और एलिमिनेटर की मेजबानी करनी थी। इसके बाद कोलकाता को 23 मई को क्वालिफायर 2 की और 25 मई को फाइनल की मेजबानी करनी थी। आईपीएल का पिछला सीजन बेहद रोमांचक रहा था। तब कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई के चेपॉक में खेले गए फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर खिताब जीता था।

# योगेश का शुभ विवाह मनी के साथ धूमधाम से संपन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बम्हेता निवासी बाबूराम यादव के सुपुत्र योगेश यादव का शुभ विवाह स्वर्गीय सतीश यादव की सुपुत्री मणि यादव के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ऑटो में आगे सवारी बैठने वालों पर हुई कार्रवाई, कई स्थानों पर चला अभियान

## पुलिस कमिश्नर के आदेश के बाद एक्शन में दिखी ट्रैफिक पुलिस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने यातायात पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया था कि ऑटो और ई-रिक्शा में आगे ड्राइवर सीट के बराबर में कोई भी वाहन चालक सवारी नहीं बैठाएगा। सवारी बैठने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार से इस अभियान के खिलाफ एक्शन मोड शुरू हो गया है। यातायात पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस लाइन और उसके आसपास बैरियर लगाकर ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा वालों के खिलाफ यह अभियान चलाया गया है। जिसमें कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। तो कई लोगों को सख्ती से हिदायत देकर छोड़ गया है। सुनने में आ रहा है कि आने वाले दिनों में कई अन्य स्थानों पर भी यातायात पुलिस द्वारा ऑटो और ई रिक्शा चालकों द्वार ड्राइवर सीट के बराबर व दाएं-बाएं सवारी बैठाने पर कार्रवाई की जाएगी।


### चालक के बराबर में बैठती है सवारी, तो होता है ध्यान भंग व एक्सीडेंट

**करंट क्राइम :** यातायात पुलिस के अधिकारियों का मानना है कि ऑटो चालक के बराबर वाली सीट पर सवारी के बैठने से चालकों को दाएं और बाएं तरफ दिखाई नहीं देता है। जिसकी वजह से ऑटो का बैलेंस बिगड़ता है और कई बार इसी वजह से सड़क हादसे भी होते हैं। जिसमें लोग घायल होते हैं और कई बार जान जाने का भी खतरा बना रहता है। इसको ध्यान में रखते हुए बीते दिनों यातायात पुलिस को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा निर्देश दिया गया था, जिसके बाद शुक्रवार को कमिश्नरेट के कई थानाक्षेत्रों में यह अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है।




## दिनभर वायरलेस पर चलते रहे अलर्ट रहने के संदेश

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शुक्रवार को पुलिस बेहद हाई अलर्ट मोड पर रही है। इसके पीछे की वजह इन दिनों देश और पड़ोसी मुल्क के बीच बदलते हालातों को बताया जा रहा है। वैसे भी शुक्रवार को लेकर यूपी के प्रत्येक जिले में पुलिस की अलर्टनेस अलग रहती है। तो वहीं जब माहौल और हालात ऐसे हो तो सोचा जा सकता है कि पुलिस को किस मोड में रहना पड़ रहा होगा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शुक्रवार को सिटी से लेकर देहात और नदिया पार से लेकर लाइन पार के सभी जोन में वायरलेस सेट की आवाज कुछ अलग सुनाई दे रही थी। सुबह 10 बजे से लेकर देर रात तक अलग-अलग जोन में सेट पर पुलिस कर्मियों को संदिग्धों पर नजर रखने के साथ ही चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए जा रहे थे। तो तेज धूप होने के बावजूद भी पुलिसकर्मियों को छांव में ना खड़े रहने की नसीहत दी जा रही थी। इसके साथ ही सभी थानाक्षेत्रों में आने वाले प्रमुख रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और



हाई स्पीड ट्रेन के स्टेशनों पर निगरानी रखने और आसपास के महत्वपूर्ण इलाकों पर समय-समय गश्त लगाने के निर्देश की सूचना वायरलेस पर दिनभर सुनाई थी। तो वहीं शाम होते ही पूरे कमिश्नरेट के इलाकों में फुट पेट्रोलिंग की गई। सिटी, देहात व नदियापार में खुद उनके डीसीपी, एसीपी से लेकर थाना प्रभारी सड़क पर आए। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट में अपराध एवं कानून व्यवस्था की कमान संभालने वाले साहब भी कई प्रमुख एजेंसियों के अधिकारियों के संपर्क में रहे। तमाम डाटा और महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई जा रही हैं। तो वहीं थानों के सायरन सिस्टम भी मजबूत किए गए हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई प्रमुख थानों को लेकर उनके डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने अलग से बातचीत की है। तो वहीं सुनने में यह भी आ रहा है कि शुक्रवार को देहात जोन की पुलिस लाइन में होने वाली परेड भी इस अलर्टनेस कार्यक्रम की वजह से देर रात कैंसिल कर दी गई थी। पिछले शुक्रवार को जहां ट्रांस हिंडन जोन वाले बारिश की वजह से परेड में नहीं पहुंच पाए थे। तो वहीं इस शुक्रवार को अलर्टनेस वाला आदेश होने की वजह से शुक्रवार वाली लाइन की परेड में देहात जोन वाले शामिल नहीं हो पाए हैं। अभी केवल सिटी जोन वालों ने ही परेड में मोर्चा संभाला है। कुल मिलाकर शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जिस तरीके से सभी थानों, चौकी और अधिकारियों के कार्यालय में लगे वायरलेस सिस्टम की आवाज आ रही थी, उससे समझा जा सकता है कि कितनी अलर्टनेस और तैयारी भीतर ही भीतर शुरू की जा चुकी हैं।

# पुलिस ने चेन लुटेरे को दौड़ाकर गोली मारी

## लूट करके बाइक से दिल्ली भाग जाते लुटेरे, पुलिस पर भी चलाई गोली

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी थाना पुलिस ने गुरुवार रात एनकाउंटर में एक बदमाश को दौड़ाकर पैर में गोली मारी। जिससे पूछताछ में पता चला कि यह अपने साथी के साथ कौशांबी और खोड़ा में लगातार लूट करके दिल्ली भाग जाता था। पुलिस ने मौके से एक लूटी हुई चेन, एक स्कूटी और एक तमंचा बरामद किया है। एनकाउंटर में अरेस्ट साहिल मूल रूप से हापुड़ का रहने वाला है।



इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रात में कौशांबी रत्नड अजय शर्मा वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सर्विस रोड वैशाली कट की ओर से एक एक्टिवा पर सवार एक युवक तेजी से आता दिखाई दिया। जिसे चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया गया तो स्कूटी सवार युवक बायीं तरफ मुड़कर तेज गति से भागने लगा। शक होते ही पुलिस ने स्कूटी का पीछा किया और रोकने का प्रयास किया तो स्कूटी सवार युवक ने पुलिस पर तमंचे से फायर किया। इस दौरान स्कूटी फिसलकर गिर गई। जिसके बाद अंधेरे में भागते हुए एक और फायर किया। पुलिस ने गाली चलाई तो युवक के पैर में लगी। बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। खोड़ा में किराए के कमरे में रहने लगे साहिल ने पूछताछ में बताया कि मैं अपने साथी अमित के साथ खोड़ा में किराए पर रहता हूं। जहां अपना खर्चा चलाने के लिए लूट करत हैं। बाद लूटे हुए पर्स से पैसे बांट लेते थे। महिलाओं की चेन या कुंडल बेचकर पैसों का बंटवारा कर लेते थे। साहिल ने बताया कि करीब10 दिन पहले मैक्स अस्पताल सेक्टर 1 वैशाली के सामने सडक पर जा रही महिला के गले से चेन लूटी थी। इसके बाद एक व्यक्ति से पैसे लूटे और एक अन्य से मोबाइल लूटा और दिल्ली में पहुंच गए।

# फर्जी पुलिस कर्मी गिरफ्तार

## होमगार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे थे 20 हजार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** होमगार्ड की नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक फर्जी पुलिस कर्मी ने महिला से 20 हजार रुपए की ठगी की। पुलिस ने आरोपी फर्जी पुलिस कर्मी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान संदीप भाटी हुई है। ये लोगों को पुलिस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था। जब कोई पैसा मांगता तो उस पर रौब और अन्य मामलों में फंसाने की धमकी देता था। पुलिस ने आरोपी फर्जी पुलिस कर्मी को पुलिस वर्दी में थाना सेक्टर-49 क्षेत्र से गिरफ्तार किया। बरौला गांव के यामाहा विहार निवासी सुमनलता ने बताया कि इसी साल फरवरी में इंस्टाग्राम पर उसकी बातचीत मेरठ के संदीप भाटी से हुई। संदीप में अपनी आईडी पर जो तस्वीर डाली थी उसमें उसने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। सुमनलता ने जब संदीप से बात की तो उसने कहा कि वह



यूपी पुलिस में है और होमगार्ड की भर्ती निकली है। अगर वह कुछ पैसे दे तो वो वह उसकी नौकरी होमगार्ड के पद पर लगवा देगा। ऊपर के अधिकारियों से उसने बात कर ली है।

### नौकरी लगवाने के लिए 30 हजार की डिमांड

नौकरी लगवाने के लिए कथित पुलिसकर्मी ने महिला से 30 हजार रुपए की मांग की। संदीप की बातों पर विश्वास करके आनन फानन में महिला ने 20 हजार रुपए 15 फरवरी को संदीप को दे दिए।

दस हजार रुपए नौकरी लगने के बाद देने की बात कही। इसी दौरान महिला को पता चला कि संदीप यूपी पुलिस में नहीं है। वह झूठ बोल रहा है। महिला ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो कथित पुलिसकर्मी ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

### पुलिस ने किया गिरफ्तार

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने फोन नंबर को सर्विलांस पर लगाया। जांच और मुखबीर तंत्र को एक्टिव किया। जिसके बाद आरोपी संदीप भाटी को गिरफ्तार किया। जिस समय इसकी गिरफ्तारी की गई वो पुलिस वर्दी में था।

# दलित ने न्याय के लिए शासन-प्रशासन से लगाई गुहार




## उच्चाधिकारियों ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी अंकुर विहार थाने इलाके की अंजली विहार कॉलोनी का रहने वाला एक दलित ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस उपायुक्त, एससीएसटी आयोग लोक सेवा आयोग सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को शिकायत पत्र दिए हैं शासन प्रसाशन के उच्चाधिकारियों ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। शिकायत पत्रों में उल्लेख किया गया तथा पीड़ित दलित ने बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री 11 अप्रैल से लापता है। 14 अप्रैल को लड़की बरामद भी कर ली लेकिन पीड़ित दलित का आरोप है और शिकायत पत्र में उल्लेख भी है कि थाने में तैनात पिंकी नाम की महिला पुलिस कर्मी व मामले की जांच करने वाला आईओ ने आरोपियों से मिलकर लड़की से डरा धमकाकर 164 के ब्यान बदला दिए तथा मेडिकल भी अपनी मनमर्जी से कराया जिससे आरोपी को रिपार्ट से बरी कर दिया न ही उसे गिरफ्तार किया न ही काई कार्रवाई की इसी कड़ी में आरोपियों ने 16 अप्रैल देर शाम करीब 10 बजे पीड़ित के घर में जबरन घुस गए और गाली गलौज कर लड़की को दोबारा उठा ले जाने की धमकी दी तथा मारपीट पर उतारु हो गए और धमकी देकर भाग गए। पीडित ने 112 नंबर पर कॉल की लेकिन रिसीव नही हुई थाने में कोई सुनवाई न होने के बाद पीड़ित ने उच्चाधिकारियों की शरण ली तब मामले की कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# मस्जिदों में जुमे की नमाज, देश की सलामती और सेना की जीत के लिए की दुआ, पाकिस्तान की निंदा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मस्जिदों में जुमे की नमाज के दौरान देश की सलामती और सेना की जीत के लिए विशेष दुआएं की गईं। मस्जिदों में मौलानाओं ने पाकिस्तान द्वारा भारतीय नागरिकों पर किए जा रहे हमलों की कड़ी निंदा की। इस्लाम नगर ईदगाह, एक मीनार मस्जिद, मरकज और मोती मस्जिद सहित जिले की सभी मस्जिदों में नमाज का आयोजन हुआ। मौलानाओं ने नमाजियों को सतर्क रहने और प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने लोगों से अपने परिवार को भी इस स्थिति से अवगत कराने को कहा। शहर काजी मसरूर अब्बासी ने कहा कि देश के मुसलमान भारत के साथ एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को समर्थन देने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी है। मोहर्रम कमेटी के चेयरमैन हाजी चमन ने सेना पर भरोसा जताते हुए कहा कि भारतीय सेना हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। हाजी चमन ने आगे कहा कि देश की सुरक्षा के मुद्दे पर राजनीति से ऊपर उठकर सभी को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम में देशप्रेम को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है और वे देश के लिए हर समय तैयार हैं।



# जलभराव की समस्या होगी दूर, डीएम ने काली नदी पुल तक नाला बनाने का दिया आदेश

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के ददायरा गांव में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान होने जा रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने गांव से काली नदी पुल तक नाला निर्माण का आदेश दिया है। इस नाले की अनुमानित लागत 50 लाख रुपये होगी। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने ददायरा गांव का दौरा किया। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि बरसात में गांव में पानी भर जाता है। इससे आवागमन में परेशानी होती है और बीमारियां फैलती हैं। गलियों में जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से यह समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद



डीएम ने अधिकारियों को नाले का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे जलभराव की समस्या दूर होगी। साथ ही गांव की सफाई व्यवस्था भी सुधरेगी। डीएम ने अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने इस निर्णय पर जिलाधिकारी का आभार जताया। उनकी वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। इस मौके पर एसडीएम इला प्रकाश, अपर मुख्य पंचायत अधिकारी आरती मिश्रा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आतंकी रऊफ अजहर को ढेर करने पर पूर्व अमेरिकी राजदूत ने जताया भारत का आभार

**वाशिंगटन।** भारत के पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के दौरान कई आतंकी भी इस कार्रवाई के दौरान ढेर हुए हैं। जिसमें खूंखार आतंकवादी अब्दुल रऊफ अजहर भी शामिल है। जिसने साल 2002 में अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की अपहरण के बाद हत्या कर दी थी। डेनियल पर्ल पत्रकारिता में साहस और समर्पण के प्रतीक माने जाते थे। भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' में कई खूंखार आतंकी भी मारे गए हैं। जिसमें से एक आतंकी अब्दुल रऊफ अजहर भी है, जिसने साल 2002 में अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की निर्ममता से हत्या कर दी थी। उसके मारे पर जाने पर अमेरिका और दुनिया भर के पत्रकार और राजदूत भारत और भारत सरकार को शुक्रिया कह रहे हैं।



## पूर्व अमेरिकी राजदूत ने भारत को कहा- शुक्रिया

अफगानितान और इराक में अमेरिका के पूर्व राजदूत एवं संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि जालमे खलीलजाद ने अब्दुल रऊफ अजहर के मारे जाने पर भारत को शुक्रिया कहा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- पाकिस्तान के खिलाफ अपने मौजूदा सैन्य अभियान के दौरान, भारत ने क्रूर आतंकवादी अब्दुल रऊफ अजहर को मार गिराया है, जिसने 2002 में पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या की थी, न्याय हुआ है। धन्यवाद, भारत।

## पूर्व अमेरिकी राजनयिक ने भी जताया आभार

वहीं एक पूर्व अमेरिकी राजनयिक एली कोहनिम ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- बहुत लंबे समय तक हमें डेनियल पर्ल की हत्या के लिए न्याय नहीं मिला। मैं व्यक्तिगत रूप से भारत सरकार की आभारी हूं। डेनियल पर्ल को उनके अंतिम शब्दों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उहोंने कहा था- मेरा पिता यहूदी थे, मेरी मां यहूदी है और मैं भी यहूदी हूं। उनके ये शब्द यहूदी इतिहास में हजारों साल तक सुनाई देते रहेंगे।'

## कौन थे डेनियल पर्ल?

अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल वॉल स्ट्रीट जर्नल के दक्षिण एशिया ब्यूरो प्रमुख थे, पाकिस्तान के कराची में उनकी हत्या से दुनिया भर में तहलका मच गया था। डेनियल पर्ल का जन्म 10 अक्तूबर 1963 में अमेरिका के न्यू जर्सी शहर के एक यहूदी परिवार में हुआ था। उन्होंने स्टैनफोर्ड विवि से स्नातक करने के बाद, वॉल स्ट्रीट जर्नल में अपना पत्रकारिता के करियर की शुरूआत की थी। जानकारी के मुताबिक, हत्या से पहले वे कराची में ब्रिटिश नागरिक और अल कायदा के संबंधों की जांच कर रहे थे।

# विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर मॉस्को के रेड स्क्वायर पर परेड



## 27 देशों के नेता हुए शामिल

### रेड स्क्वायर पर परेड में क्या था खास

इस वर्ष की परेड में 11 हजार से अधिक सैनिक शामिल हुए, जिनमें 1500 सैनिक यूक्रेन में जारी विशेष सैन्य अभियान से जुड़े थे। इस वर्ष की परेड में 11 हजार से अधिक सैनिक शामिल हुए, जिनमें 1500 सैनिक यूक्रेन में जारी विशेष सैन्य अभियान से जुड़े थे। परेड में द्वितीय विश्व युद्ध के 183 पुराने हथियारों के साथ-साथ नई आधुनिक हथियार प्रणाली का प्रदर्शन किया गया। 13 देशों के सैन्य दलों ने परेड में हिस्सा लिया, जिनमें चीन, मिस्र, मंगोलिया, म्यांमार और वियतनाम शामिल हैं। सीआईएस (पूर्व सोवियत संघ के देश) के सैन्य दल भी परेड में शामिल हुए। यूक्रेन में चल रहे विशेष सैन्य अभियान में भाग ले चुके अनुभवी सैनिकों ने भी रेड स्क्वायर पर मार्च किया।

**मॉस्को।** नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर रूस के रेड स्क्वायर पर भव्य परेड का आयोजन किया गया। इसमें दुनिया के 27 देशों के नेता शामिल हुई। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने संबोधन में कहा कि मित्र राष्ट्रों के साझा प्रयास से ही नाजी जर्मनी की हार संभव हुई। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 27 देशों के नेताओं ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ मनाई। पुतिन ने रेड स्क्वायर पर विजय दिवस परेड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, नाजी जर्मनी की हार मित्र देशों के साझा प्रयासों से संभव हुई। खासतौर पर यूरोप में 'नॉमर्डी लैंडिंग' (दूसरा मोर्चा खोलना) ने 'महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध' में सोवियत लोगों की जीत को करीब लाने में मदद की। उन्होंने कहा, मित्र देशों के साझा प्रयासों से ही नाजी जर्मनी, जापान और उनके सहयोगियों की हार संभव हो पाई। हम इसे हमेशा याद रखेंगे कि यूरोप में जब दूसरा मोर्चा खोला गया, तो सोवियत संघ की जमीन पर हुए निर्णायक युद्ध से जीत और करीब आ गई। इस कार्यक्रम में 27 देशों के नेता शामिल हुए, जिनमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में किन देशों के नेता हुए शामिल भारत की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 'ऑपरेशन सिंदूर' में व्यस्त होने के कारण विदेश यात्रा पर नहीं गए।

# भारत से बढ़ते तनाव के बीच इमरान खान को जेल से रिहा करने की मांग

## पीटीआई ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका



**नई दिल्ली।** भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की अदियाला जेल में भ्रष्टाचार मामले में सजा काट रहे पूर्व पीएम इमरान खान को जेल से रिहा करने की मांग की गई है। इसे लेकर पूर्व पीएम की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में दावा किया गया है कि लंबे समय से हिरासत में रहने के कारण पूर्व पीएम की जान को खतरा है। साथ ही भारत के साथ मौजूदा स्थिति चलते उनकी जान को खतरा है।

# अमेरिकी जासूसी की खबरों पर डेनमार्क का अमेरिका को कड़ा संदेश



## 'मित्र देश की जासूसी नहीं की जा सकती'

**ओस्लो।** अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड की खुफिया जानकारी जुटाने की खबरों पर डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन ने ऐतराज जताया है। उन्होंने अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा- मित्र देश की जासूसी नहीं की जा सकती।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने साफ कहा है कि 'किसी मित्र देश के खिलाफ जासूसी नहीं की जा सकती।' उनका यह बयान तब आया जब एक अमेरिकी अखबार ने रिपोर्ट दी कि अमेरिका ने ग्रीनलैंड में खुफिया जानकारी जुटाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है, लेकिन उसे आंशिक रूप से स्वायत्तता प्राप्त है।

डेनमार्क ने अमेरिकी राजनयिक को किया तलब इस मामले को लेकर डेनमार्क ने कोपेनहेगन में मौजूद अमेरिका की शीर्ष राजनयिक जेनिफर हॉल गॉडफ्रे को विदेश मंत्रालय में बुलाया। डेनमार्क के वरिष्ठ राजनयिक जेपे ट्रानहोल्म-मिकेलसेन ने इस मुद्दे पर चर्चा की। हालांकि मंत्रालय ने ज्यादा जानकारी साझा नहीं की और अमेरिकी दूतावास ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ट्रंप के ग्रीनलैंड खरीदने की चाहत बनी विवाद की जड़ बता दें कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को खरीदने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद से यह मामला संवेदनशील बन गया।

### अमेरिका की प्रतिक्रिया- लीक करने वालों पर कार्रवाई होगी

अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने इन खबरों को गलत बताते हुए कहा कि ये लीक करने वाले डीप स्टेट के लोग राष्ट्रपति को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। गबार्ड ने कहा कि जिन लोगों ने गोपनीय जानकारी लीक की है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रीनलैंड ने भी जासूसी जताई नाराजगी

ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री ने भी पिछले महीने अमेरिका के रवैये को अनादरपूर्ण बताया था। उन्होंने दो टूक कहा था कि ग्रीनलैंड कभी भी ऐसा टुकड़ा नहीं बनेगा जिसे कोई खरीद सके।

# 'पाकिस्तान आतंकवाद का सिर, उस पर वार जरूरी' अमेरिकी विशेषज्ञ ने भारत का खुलकर किया समर्थन

**पॉशिंगटन।** पाकिस्तान की कार्रवाई की वजह बताते हुए माइकल रुबिन ने कहा कि 'पाकिस्तान जब भी आर्थिक, भ्रष्टाचार या समाज के स्तर पर असफल होता है तो वह भारत के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करता है। यह एक असफल राष्ट्र की पहचान है।' भारत के साथ जारी तनाव के बीच पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। यही वजह है कि उसकी उकसावे वाली कार्रवाई की कई देश आलोचना कर रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के पूर्व शीर्ष अधिकारी माइकल रुबिन ने एक बड़ा बयान देते हुए पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। माइकल रुबिन ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान ही दुनिया में आतंक का गढ़ है और इस पर वार करना जरूरी है।



## 'अमेरिका को एकमत होकर भारत का समर्थन करना चाहिए'

न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में माइकल रुबिन ने कहा कि 'अमेरिका ने लश्कर ए तैयबा को आतंकी संगठन घोषित किया था, लेकिन हमने पाकिस्तान को आतंक को वित्त पोषित करने वाला देश करार नहीं दिया। अब समय आ गया है कि हम ऑक्टोपस के बाजुओं पर कार्रवाई करने के बजाय उसके सिर पर हमला करें। अमेरिका को एकमत होकर भारत का समर्थन करना चाहिए।' माइकल रुबिन ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करते हुए कहा कि 'किसी भी लोकतांत्रिक देश के नेता का कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा करे। पीएम मोदी और भारत का पूरा राजनीतिक नेतृत्व ये समझ रहा है कि सभी भारतीय खतरे में हैं। इस सब की शुरूआत, तब हुई जब आसिम मुनीर ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम एक साथ नहीं रह सकते, लेकिन भारत में दोनों साथ मिलकर रह रहे हैं।

### भारतीय सेना ने सुनियोजित तरीके से की कार्रवाई

माइकल रुबिन ने कहा कि 'पाकिस्तान ने आतंकवाद को समर्थन देने के लिए इस संघर्ष की शुरूआत की। भारत आतंकवाद के पीड़ित हैं। पहले मुझे लगता था कि पीएम मोदी ने जवाब देने में लंबा समय लिया, लेकिन अब साफ है कि भारतीय सेना ने पूरी योजना के तहत सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की है और ये दिखाया है कि भारतीय सेना कितनी सक्षम है। पाकिस्तान घिर गया है और अपना चेहरा बचाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन आसिम मुनीर को यह समझना चाहिए कि अगर आप गड्ढा खोदोगे तो एक दिन उसी में गिरोगे। गड्ढा खोदना बंद कीजिए और आगे बढ़िए। अमेरिका को पाकिस्तान को आतंकवाद का गढ़ घोषित करना चाहिए।'

### पाकिस्तान की कार्रवाई की बताई वजह

पाकिस्तान की कार्रवाई की वजह बताते हुए माइकल रुबिन ने कहा कि 'पाकिस्तान जब भी आर्थिक, भ्रष्टाचार या समाज के स्तर पर असफल होता है तो वह भारत के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करता है। यह एक असफल राष्ट्र की पहचान है। अच्छी बात ये है कि भारत में अलग कहानी है, जहां सभी लोग अपने मुद्दों पर चर्चा करते हैं।'

# पड़ोसी पर दिखने लगा भारत के मुंहतोड़ जवाब का असर

## पीएम शहबाज से बोले नवाज- तनाव कम करें

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पड़ोसी देश के नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के बाद भारत ने पाकिस्तान की हर हिमाकत का मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारत को अशांत करने के मंसूबे पालने वाले पड़ोसी देश के हुक्मरानों की हेकड़ी निकलने लगी है। पीएम शहबाज शहबाज शरीफ से उनके बड़े भाई नवाज ने तनाव कम करने के उपाय तलाशने को कहा है।



पाकिस्तान के नापाक मंसूबों पर भारतीय सेना के पराक्रम का असर दिखने लगा है। भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बड़े भाई नवाज शरीफ ने कूटनीतिक समाधान तलाशने की नसीहत दी है। उन्होंने तनाव कम करने के रास्ते तलाशने की बात भी कही है।

# 'मेरा चुनाव एक क्रॉस और आशीर्वाद दोनों', सिस्टन चैपल में पहली बार बोले 'पोप लियो 14वें'

**वेटिकन सिटी।** कार्डिनल्स से बात करते हुए पोप लियो 14वें ने कहा कि ईसाई धर्म को एक ऐसी दुनिया में खुशी फैलाने की जरूरत है, जो अक्सर इसका मजाक उड़ाती है। उन्होंने शिकायत की कि कई जगहों पर यीशु को गलत समझा जाता है। ऐसे स्थानों पर हमारे मिशनरी आउटरीच की सख्त जरूरत है। नए पोप लियो 14वें ने सिस्टन चैपल में पहली बार मास कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेरा चुनाव एक क्रॉस और आशीर्वाद दोनों था। कार्डिनल्स से बात करते हुए पोप ने कहा कि ईसाई धर्म को एक ऐसी दुनिया में खुशी फैलाने की जरूरत है, जो अक्सर इसका मजाक उड़ाती है। उन्होंने कहा कि आपने मुझे इस क्रॉस को उठाने और मिशन का आशीर्वाद पाने के लिए बुलाया है। मैं जानता हूं कि मैं आप में से प्रत्येक पर भरोसा कर सकता हूं कि आप एक चर्च, एक समुदाय, यीशु के मित्रों और विश्वासियों के रूप में सुसमाचार की घोषणा करने के लिए मेरे साथ चलेंगे। लियो ने अफसोस जताया कि दुनिया के कई हिस्सों में ईसाई धर्म को बेतुका माना जाता है। पहले जब धन, सफलता और शक्ति जैसे प्रलोभन होते थे तो इसका मजाक उड़ाया जाता था या विरोध किया जाता था। उन्होंने शिकायत की कि कई जगहों पर यीशु को गलत समझा जाता है। उन्हें एक प्रकार का करिश्माई नेता या सुपरमैन बना दिया जाता है। लियो ने कहा कि यह न केवल गैर-विश्वासियों के बीच बल्कि कई बैपटाइस्ड ईसाइयों के बीच भी सच है।



**पीएम मोदी ने दी बधाई** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए पोप लियो 14वें को शुभकामनाएं दी हैं। एक्स पर पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि मैं भारत के लोगों की ओर से नए पोप लियो 14वें को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। कैथोलिक चर्च का उनका नेतृत्व शांति, सद्भाव, एकजुटता और सेवा के आदर्शों को आगे बढ़ाने के गहन महत्व के क्षण में आता है। भारत हमारे साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर संवाद और जुड़ाव के लिए प्रतिबद्ध है।

जो इस स्तर पर व्यावहारिक नास्तिकता की स्थिति में रहते हैं। ऐसे स्थानों पर हमारे मिशनरी आउटरीच की सख्त जरूरत है। ५ लियो ने कहा कि विश्वास की कमी अक्सर दुखद रूप से जीवन में अर्थ की हानि, दया की उपेक्षा, मानवीय गरिमा का भयानक उल्लंघन, परिवार का संकट और हमारे समाज को प्रभावित करने वाले कई अन्य घावों के साथ होती है। मास के समापन पर कार्डिनल्स ने तालियां बजाईं। इस दौरान लियो को साधारण काले जूते पहने देखा गया। वे अन्य पोप की तरह पसंद किए जाने वाले लाल लोफर्स में नजर नहीं आए। इससे पहले दो महिलाओं ने मास की शुरूआत में धर्मग्रंथों का पाठ किया। यह शायद लियो के इस इरादे का संकेत था कि वह चर्च में महिलाओं की भूमिका का विस्तार करने की पूर्व पोप फ्रांसिस की प्राथमिकता का पालन करना चाहते थे।

## बदली जाएगी अमेरिका की पुरानी हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली

**वॉशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में हुई विमान दुर्घटनाओं और तकनीकी समस्याओं को देखते हुए अमेरिका की हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में बड़े बदलाव का प्रस्ताव रखा है। परिवहन मंत्री सीन डफी ने कहा कि योजना के तहत अगले तीन सालों में देश के सभी हवाई यातायात केंद्रों में नई तकनीक और संचार प्रणाली लगाई जाएगी। इसके साथ ही छह नए हवाई यातायात नियंत्रण केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) अमेरिका की हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में बड़े बदलाव का प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव हाल ही में हुई विमान दुर्घटनाओं और तकनीकी समस्याओं को देखते हुए दिया गया है।



# 'आतंकवाद के साथ खड़ा है पाकिस्तान' भारतीय उच्चायुक्त ने ब्रिटिश टीवी पर दिखाए सबूत



### भारत ने लिया पहलगाम का प्रतिशोध

यह बयान भारत की तरफ से पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर की गई एयरस्ट्राइक के बाद आया है, जो पहल्गाम आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या का प्रतिशोध था। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी पंजाब स्थित जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय समेत नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके साथ ही, भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक ग्राफिक जारी किया, जिसमें अब्दुल रऊफ अजहर, मसूद अजहर के भाई, की तस्वीर पर नष्ट लिखा हुआ था। अब्दुल रऊफ अजहर भारतीय वायुसेना के पठानकोट एयरबेस हमले समेत कई आतंकवादी हमलों में शामिल था।

**लंदन।** भारत ने ब्रिटेन में पाकिस्तान के आतंकवाद के समर्थक होने का सबूत दिया है। एक टीवी चैनल पर बात करते हुए भारतीय उच्चायुक्त ने एक फोटो दिखाई, जिसमें कई पाकिस्तानी सेना के अधिकारी आतंकियों और आतंकियों के शव के साथ खड़ा है। भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने लंदन में एक टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार के दौरान पाकिस्तान की तरफ से आतंकवादियों को समर्थन देने का पुख्ता सबूत पेश किया। उन्होंने एक तस्वीर दिखाई, जिसमें पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और हाफिज अब्दुर रऊफ, जो कि एक अमेरिकी की तरफ से प्रतिबंधित आतंकवादी हैं और जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के भाई हैं, एक साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर पाकिस्तान में मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार की थी, जहां पाकिस्तान के ध्वज से ढके हुए शवों के पास पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी खड़े थे।

## 'आतंक के साथ खड़ी है पाकिस्तानी सेना'

इस दौरान विक्रम दोराईस्वामी ने कहा, 'यह फोटो कल की है। देखिए, यहां एक प्रतिबंधित आतंकवादी है, हाफिज अब्दुर रऊफ। उसके पीछे पाकिस्तानी सेना खड़ी है। देखिए, उन आतंकवादियों के शवों पर पाकिस्तानी ध्वज लहरा रहे हैं। अगर आप आतंकवादियों को राजकीय सम्मान में अंतिम संस्कार दे रहे हैं, तो इसका मतलब क्या होता है?' यह तस्वीर भारत की तरफ से पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन करने का एक ठोस प्रमाण माना जा रहा है। भारतीय उच्चायुक्त ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान न केवल आतंकवादियों को शरण देते हैं, बल्कि उन्हें आधिकारिक समर्थन भी प्रदान करते हैं।

## भारतीय उच्चायुक्त ने दिए कई उदाहरण

विक्रम दोराईस्वामी ने 2016 में पठानकोट हमले का उदाहरण देते हुए पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने भारत की मदद का जवाब नहीं दिया, जबकि भारत ने पाकिस्तान के जांचकताओं को भारतीय वायुसेना के बेस तक पहुंचने की अनुमति दी थी। यह सबूत भारत के आरोपों को और मजबूत करता है कि पाकिस्तान की सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान आतंकवाद के समर्थन में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

# भारत-पाकिस्तान... 'हम युद्ध के बीच में नहीं पड़ेंगे यह हमारा काम नहीं : अमेरिकी उपराष्ट्रपति



**न्यूयॉर्क।** भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका ऐसे किसी युद्ध में शामिल नहीं होगा, जो मूल रूप से हमारा काम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका भारत और पाकिस्तान को नियंत्रित नहीं कर सकता, लेकिन वह दोनों परमाणु शक्तियों को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को एक साक्षात्कार में इस बात पर चिंता जताई कि कहीं दो परमाणु शक्तियां आपस में टकरा न जाएं, जिससे कि किसी बड़े संघर्ष को जन्म मिले। वेंस से जब इस बारे में पूछा गया कि ट्रंप प्रशासन भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को लेकर कितना चिंतित है। इस पर उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो का हवाला दिया और कहा कि अमेरिका चाहता है कि तनाव जल्द से जल्द कम हो जाए।

## भारत को पाकिस्तान से कुछ शिकायतें

उपराष्ट्रपति वेंस ने आगे कहा कि भारत को पाकिस्तान से कुछ शिकायतें हैं। पाकिस्तान ने भारत को जवाब दिया है। हम दोनों देशों को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं, लेकिन हम युद्ध के बीच में नहीं पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारा काम नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका का युद्ध को नियंत्रित करने की क्षमता से कोई लेना-देना नहीं है।

### ट्रंप ने दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की पेशकश की

इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने में मदद की पेशकश की है। ट्रंप ने कहा कि अगर वह मदद के लिए कुछ कर सकते हैं, तो वह इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान अब एक-दूसरे पर हमला करना बंद कर दें। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के सवाल पर ट्रंप ने कहा, यह बहुत भयानक है। मेरी स्थिति यह है कि मैं दोनों देशों के साथ मिलकर काम करता हूं। मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। मैं उन्हें संघर्ष को हल करते हुए देखना चाहता हूं। मैं उन्हें रुकते हुए देखना चाहता हूं। उन्होंने जैसे को जैसा जवाब दिया है, इसलिए उम्मीद है कि वे अब रुक सकते हैं।

### भारत-पाकिस्तान को हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता अमेरिका

वेंस ने आगे कहा कि अमेरिका भारतीयों और पाकिस्तानियों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता। हम कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से इस मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे। हालांकि, वेंस ने इस बात पर चिंता जताई कि दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय युद्ध कहीं परमाणु संघर्ष में न बदल जाए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से यह विनाशकारी होगा। हालांकि, वेंस ने यह भी उम्मीद जताई कि ऐसा नहीं होने वाला है।

# देश पर आए संकट का हमें डटकर मुकाबला करना है: अतुल गर्ग

## महाराणा प्रताप जयंती समारोह में गूंजा शौर्य और बलिदान का संदेश









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महाराणा प्रताप चौक अवंतिका में स्थित दयानन्द पार्क में शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ वैदिक हवन से हुआ।

मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि महाराणा प्रताप पूरे देश के थे उन्होंने जो बलिदान देश के लिए दिया है उसको कोई भुला नहीं सकता है। आज देश के ऊपर संकट आया हुआ है हमें इसका डटकर मुकाबला करना है।

अति विशिष्ट अतिथि अजीत पाल त्यागी (विधायक) ने कहा, राणा प्रताप ने हमें सिखाया कि झुकना नहीं, जूझना ही वीरता है। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि स्वामी सदानंद महाराज, अध्यक्षता मयंक गोयल (महानगर अध्यक्ष भाजपा), सरदार एस पी सिंह (पूर्व सदस्य - अल्पसंख्यक आयोग) ने भी अपने अपने विचार प्रकट किए।

इस अवसर पर मनोज त्यागी, पवन गौतम, राहुल तोमर, वेद प्रकाश तोमर, धर्मवीर शर्मा, एच एन सिंह, अरविंद गुप्ता, धर्मवीर सिंह, एस के भदौरिया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि : बलदेव राज शर्मा, अशोक गोयल, कृष्ण वीर सिंह सिरोही, महेश अग्रवाल, हिमांशु मित्तल, वीरेंद्र चौधरी, राहुल तोमर, पवन गौतम। विशेष आमंत्रितगणः बाल किशन गुप्ता, वी पी सिंह, अरुण त्यागी, नरेन्द्र गुप्ता, महेश चौधरी। कार्यक्रम का संचालन भानु प्रताप सिसोदिया ने किया। संयोजक ठाकुर राजकुमार सिसोदिया और ठाकुर सत्येन्द्र सिंह बिशेन ने आयोजन को सफल बनाया।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में हिंडन पुनरुद्धार के लिए बैठक आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बैठक को प्रारम्भ करते हुए मुख्य विकास अधिकारी, गाजियबाद द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले सभी विभागों को पी०पी०टी० के माध्यम से हिण्डन पुनरुद्धार हेतु उनके कार्य एवं दायित्वों को बताया गया।

जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जलकल विभाग (शहरी) द्वारा बनाये गये एस०टी०पी० एवं नालों के नक्शों को देखते हुए विभागों को निर्देशित किया गया कि नालों की मैपिंग को ऑनलाइन बनाना शुरू करे, ताकि उनकी लेयरिंग करते समय प्रत्त्येक डाटा एक जगह पर एकत्रित हो सके। इसके लिए एक बेसिक नेटवर्क तैयार किया जाये जिसमे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद, नगर निगम, गाजियाबाद, सिंचाई विभाग, जी०डी०ए०, समस्त नगर निकाय, अपने डेटा के लेयरिंग को तय कर सके। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया 10 दिनों के अन्दर औद्योगिक इकाइयों के ई०टी०पी० की समस्त जानकारी उपलब्ध करायी जाना सुनिश्चित करे।

हिण्डन बेसिन में अतिक्रमण को लेकर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि हिण्डन के ऊपर अतिक्रमण की सूची तैयार की जाये और उसे प्रत्येक तीन माह में अपडेट किया जाये साथ ही किस जगह कितनी नदी दर्ज है उसकी एक सूची एवं नक्शा सिंचाई विभाग के साथ मिलकर तैयार करे। साथ ही उप जिलाधिकारी, सदर, उप जिलाधिकारी, मोदीनगर को निर्देशित किया गया कि 10 दिनों के अन्दर हिण्डन नदी के बेसिन में जिन जगह पर अतिक्रमण है एवं जिन पर अतिक्रमण नही है ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करे ताकि विभागों एवं पर्यावरण विदों की टीम द्वारा उस पर सर्वे कर उन पर वृक्षारोपण किया जा सके। सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि हिण्डन में तैर रहे जलकुम्भी एवं अन्य अपशिष्ट को निकालने हेतु कोई प्लान तैयार करे।

मुख्य अभियन्ता नगर निगम द्वारा जिलाधिकारी, महोदय के समक्ष छठ घाट पर रिवर फ्रंट डवलपमेन्ट हेतु प्रस्ताव रखा गया जिसे महोदय द्वारा सिंचाई विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मानको के अनुरूप रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया, ताकि अग्रिम कार्यवाही हो सके।

खण्ड विकास अधिकारी, मुरादनगर, लोनी एवं रजापुर को निर्देशित किया गया कि हिण्डन के किनारे स्थित ग्रामों में नालों को चिन्हित करे एवं सुनिश्चित करे कि किसी तरीके का अपशिष्ट हिण्डन नदी मे न जाये। जल संरक्षण को लेकर महोदय द्वारा कहां गया कि स्कूलों में भी जल संरक्षण हेतु कार्यकम कराना सुनिश्चित किया जाये।

## जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई

### शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तराल में निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनसुनवाई की। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों को पढ़ते हुए प्रार्थियों से उक्त प्रकरण के बारे में मौखिक भी अवगत हुए। उन्होंने प्रार्थियों को आवश्वस्त किया कि समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण कराया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों को संबंधित अधिकारी को निराकरण हेतु भेजते हुए, शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस विभाग, जीडीए, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़े से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए श्री विवेक मिश्र भी उपस्थित रहे।

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि अधिकारियों की बने प्राथमिकता : अरुण कुमार यादव

## आईजीआरएस पर प्राप्त समस्याओं के समाधान को निगम दे रहा रफ्तार





### शिकायतों के निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ता का फीडबैक लेना अनिवार्य : अपर नगर आयुक्त

करंट क्राइम। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव जो कि आईजीआरएस प्रभारी है जिनके द्वारा बताया गया कि प्राप्त शिकायतों का समाधान गुणवत्ता पूर्वक हो इसकी मॉनिटरिंग लगातार विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है प्रतिदिन प्राप्त संदर्भों पर शिकायतकर्ता से सीधा संपर्क करते हुए समाधान करने की प्रक्रिया को अपनाया जा रहा है। प्रतिदिन 70 से 80 संदर्भ आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त हो रहे हैं, सबसे अधिक शिकायतें आईजीआरएस के माध्यम से जलकल विभाग की प्राप्त हो रही है जिसका जल कल विभाग द्वारा निस्तारण करने का कार्य किया जा रहा है। आईजीआरएस के माध्यम से विजयनगर जोन की सबसे कम शिकायत प्राप्त होती है। अरुण कुमार यादव द्वारा यह भी बताया गया की शिकायतों के निस्तारण करने के लिए समस्त विभागीय अधिकारियों को भी सीधा शिकायतकर्ता से वार्ता करने की निर्देश दिए हुए हैं जिसके क्रम में सभी विभागों के अधिकारी सीधा शिकायतकर्ताओं से समन्वय करते हुए समस्या का समाधान करने में जुटे हुए हैं।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम जन समस्याओं के समाधान को लेकर रफ्तार से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली पर भी प्राप्त शिकायतों तथा संदर्भों के लिए विभागों द्वारा रफ्तार से कार्य किया जा रहा है। आइजीआरएस प्रभारी अरुण कुमार यादव के द्वारा सभी विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण पर किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है। मई माह के 10 दिनों में 413 संदर्भ एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली के द्वारा प्राप्त हुई है जिनमें से लगभग सभी शिकायतों पर विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है जिसमें से 100 शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निवारण किया जा चुका है बाकी शिकायतों पर तेजी से कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार गाजियाबाद नगर निगम द्वारा त्वरित कार्रवाई के क्रम में शिकायतों का समाधान कराया जा रहा है जिसमें एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से समस्या के समाधान को तेजी दी जा रही है। प्रतिदिन की प्रक्रिया में सभी विभाग शिकायतकर्ताओं से सीधा संपर्क करते हुए समस्याओं के समाधान कर रहे हैं। सबसे काम समस्याएं प्रकाश विभाग की प्राप्त हो रही हैं जो कि सराहनीय हैं। पार्षदों द्वारा भी शिकायतों के समाधान में अहम भूमिका निभाई जा रही है जनहित में गाजियाबाद नगर निगम समस्याओं के समाधान को लेकर सजग है बेहतर कार्य कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार सभी विभागीय अधिकारी समय पर प्राप्त संदर्भों का निस्तारण कर रहे हैं, निर्माण विभाग की 78, प्रकाश विभाग की 52, जलकल विभाग की 105, स्वास्थ्य विभाग की 87, जन्म मृत्यु संबंधित 5, उद्यान संबंधित 38, प्रॉपर्टी संबंधित 4, अतिक्रमण संबंधित 17, प्रकरण पर कार्यवाही प्रक्रिया में है गाजियाबाद नगर निगम संबंधित विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

# भारत-पाक तनाव के बीच गाजियाबाद में बड़े संस्थानों की बढ़ी सुरक्षा, चेकिंग भी सख्त





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारत-पाक के बीच चल रहे संघर्ष के बीच पुलिस ने चेकिंग तेज कर दी है। जनपद महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हिंडन एयरफोर्स स्टेशन, मुरादनगर स्थित आर्डिनेंस फैक्ट्री, साहिबाबाद स्थित भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड और सेंट्रल इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड की बाहरी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एयरफोर्स स्टेशन को छोड़ अन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों के जिम्मे है। पुलिस ने मेट्रो, नमो भारत, बस अड्डा और रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा बढ़ा दी है।

बृहस्पतिवार रात भारत और पाकिस्तान के बीच तेज हुए सैन्य संघर्ष में आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी की जा रही है। पुलिस ने महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर पहरा बढ़ा दिया है। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के आसपास पुलिस निगाह रखे हुए हैं।

एयरफोर्स स्टेशन में वायुसैनिक सुरक्षा की कमान संभालते हैं। हिंडन एयरफोर्स स्टेशन किसी भी हालात से निपटने के लिए सक्षम है। पुलिस ने मेट्रो स्टेशनों, नमो भारत स्टेशन, बस अड्डे और रेलवे स्टेशनों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। संवेदनशील इलाको में पुलिस शाम को पैदल मार्च भी निकालेगी।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि धुआं निकल रहा है जल रही हैं आंच? पता चला है ताकतवर मैडम ने एक पूर्व मैम्बर के खिलाफ बैठा दी है जांच? सुना है लखनऊ गया था शिकायत वाला मैटर? फिर वहां से जांच के लिए अधिकारियों के पास आया मैटर? देखना अब ये है क्या रहेगा इस मामले में आगे चैप्टर? पता चला है ये पूर्व मैम्बर उठाते हैं बहुत ज्यादा मुद्दे? नहीं रहते हैं ये शांत? देखते हैं जांच के बाद क्या बनता है इनका प्रोग्राम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसमें कोई शक नहीं कि भगवा योद्धा शब्दों के धनी हैं यार? शब्दों से ही ध्वस्त कर देते हैं वो शब्दों वाले वार? हमने देखा प्रेस वाली वार्ता में उन पर दागे जा रहे थे सवाल? वो हर सवाल पर जवाब दे रहे थे बेमिसाल? जैसे ही एक साथी ने की उन पर जबरदस्त सवालों की बौछार? वो परिस्थितियों को अपनी तीक्ष्ण बुद्धि से गये ताड़? उन्होंने कहा हम समझ रहे हैं सारी आपकी बात? दस साल के बाद गाड़ी पटरी पर चढ़ी है? कुछ तो ख्याल रखें आप? सुना है इन शब्दों के बाद हो गई वार्ता समाप्त?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था नगर निगम के एक वरिष्ठ पार्षद के साथ? मेरी हो गई उन पर टैक्स पर बात? उन्होंने कहा मैं भी चाहता हूं कि जनता को ना भरना पड़े भारी टैक्स? मगर हमारे पूर्व वाले अगर पहले ही अपने कार्यकाल में एक्टिव हो गये होते? तो जनता को नहीं भरना पड़ रहा होता इतना टैक्स? अब जब 80प्रतिशत जनता कर चुकी है बढ़े हुए टैक्स का भुगतान? तो फिर ना जाने क्यों इन पूर्व वालों ने उठाया हुआ है तूफान? किसी काम नहीं आना इनका ये आंदोलन वाला प्लान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे भगवा मैम्बर शर्मा जी के समर्थक के पास? वो समर्थक कर रहा था शर्मा जी की मेहनत की बात? कह रहा था वन नेशन, वन इलैक्शन पर कर दिये हैं हमारे भाई ने दिन रात एक? हमें पता है कि वो भले ही किसी को उतनी शिद्दत ने ना चाहते हों? मगर जब बात पार्टी के पद को महत्व देने की होती है? तो हमारे भाई के बदल जाते हैं जज्बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें नहीं बनना है नामित? ना ही हमारा है संगठन में आने का विचार? हम तो चाहते हैं हमारे ऊपर जनप्रतिनिधियों की वैसे ही कृपा हो जाये? जैसी कृपा इस वक्त इन चेहरों पर हो रही है यार? हम भी निभाना चाहते हैं गोयल जी के डेढ़ा, कश्यप जी के जायसवाल, अग्रवाल जी के गोयल, गर्ग जी के मित्तल, शर्मा जी के चौपड़ा, त्यागी जी के अरोड़ा, हैवीवेट वालों के हरी भैया जैसा किरदार? देख रहे हो ना आप, इन सबकी होती है अधिकारियों से डॉयरेक्ट बात? जनता को भी पहले इनसे नमस्ते करनी पड़ती है? बाद में होती है कोई और बात? काश हमें भी मिल जाये कहीं से ऐसा आशीर्वाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें काफी मजबूत लग रहा है मिस्टर चौपड़ा का भगवा योद्धा की टीम में आने का तराना? हम वैसे ही नहीं कह रहे? हमने देखा जैसे ही हुई मिस्टर चौपड़ा की पूरे गौरव से प्रेस कार्फ्रेस में एन्ट्री? वैसे ही भगवा योद्धा ने उनसे एक नहीं दो बार पूछा दोपहर का खाना? कहने वाले ने कहा देखते ही बन रहा था चौपड़ा के प्रति योद्धा का प्यार? अब आप खुद ही बताओ उनकी संगठन में आने की संभावनाओं का भला कोई कैसे कर सकता है इंकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा करते है हमेशा कायदे की बात? जो उनकी बातों को दिल पर ना लें, उसके सुधर जायेंगे राजनीतिक हालात? हमने देखा जैसे ही भगवा मीडिया वाले चौधरी ने मंच पर बैठकर पूरे करने चाहे अरमान? वैसे ही योद्धा जी का गया इस बात पर ध्यान? उन्होंने कहा मंच पर नहीं आप बैठो मीडिया वालों के साथ? क्योंकि ये डिपार्टमेंट है आपका? यहां पर संभालनी हैं आप ही को सारी बात? देखते ही बन रही थी इन शब्दों के बाद भगवा चौधरी के चेहरे की मुस्कुराहट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें निष्पक्ष लगता है पूर्व मेयर अशु वर्मा का किरदार? हम लगातार करते हैं उनकी पोस्टों के दीदार? जिस तरह मीडिया वालों ने भारत और पाकिस्तान की वॉर का किया हद से ज्यादा प्रचार? इस पर कसा वरिष्ठ पत्रकार रवीश कुमार ने तंज? इस तंज को वर्मा जी ने भी किया दिल से स्वीकार? कहा वैसे तो मुझे पसंद नहीं आती है इनकी बात? मगर इस मामले में इन्होंने ठीक से रखे हैं हालात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि खत्म हुई मिस्ट्री? आखिरकार हो ही गई किंग सिटी के महत्वपूर्ण वाले घर की रजिस्ट्री? शुक्रवार की दोपहर को हो गया रजिस्ट्री वाला काम? पता चला है मैडम का चढ़ा है कागजों में नाम? कहने वाले ने कहा इससे ज्यादा हम आपको और ज्यादा तस्वीर नहीं दे सकते हैं दिखाई? आज दिन खुशी का है इसलिए जहां से जो मिले वहां से खा लो मिठाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी एक बड़े ठाकुर बड़े चेहरे ने हैवीवेट वाली सीट पर नजर? सीन 2027 का लग रहा है? उधर से संदेश पहुंचा है कई चेहरों के इधर? कहने वाले ने कहा जब से सुना है समर्थकों ने ये वाला नाम? तबसे आ गई है सबके चेहरे पर मुस्कान? कहने वाले ने कहा धीरे धीरे हौले हौले अभी और भी आपको बतायेंगे? क्यों इतना बेकरार हो रहे हो, जानने के लिए नाम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भगवा कमांडर सियासत में जन सेवा में कुछ इस कदर व्यस्त रहते हैं कि अक्सर परिवार को उतना समय नहीं दे पाते। अपने बेटे केशव के जन्मदिन पर उन्होंने पुत्र को आशीर्वाद दिया पुत्र के लिए सर्व सफलता की कामना की। शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपने बेटे केशव के जन्मदिन की खुशी को अपने समर्थकों के साथ साझा किया जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।